सुविचार

जो इंसान दूसरों की मदद करता है, उसे जीवन में सच्ची खुशी और सम्मान जरूर मिलता है।

# प्रथम न्यूज

PRATHAM NEWS

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in

email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News

@dainikprathamnews




रजत पाटीदार के तूफान से लगातार दूसरी बार फाइनल में RCB...

» पृष्ठ 7 पर

जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 145 | दिनांक : बुधवार, 27 मई 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्कः | 97796-00900 | पन्ने- 8 | मूल्यः ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540

# घुसपैठ और जनसांख्यिकीय बदलाव पर केंद्र सरकार सख्त



» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

26 मई ( एएम नाथ )

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठ और अन्य कारणों से अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन के देश के वर्तमान और भविष्य के लिए बहुत बड़ी चुनौती बताया है। घुसपैठ को लेकर सरकार ने एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया है।

अमित शाह ने कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के वर्तमान व भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि इसी चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने High-Level Committee on Demographic Change की घोषणा की थी। मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है कि सरकार ने इस कमिटी का गठन कर लिया है।

## कमेटी में कौन-कौन शामिल

जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में बनी इस कमिटी में जनगणना आयुक्त के साथ श्री दुर्गा शंकर मिश्रा (Retd IAS), श्री बालाजी श्रीवास्तव (Retd IPS) और डॉ. शमिका रवि समिति के सदस्य होंगे। संयुक्त सचिव (Foreigners-I), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे।

## असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों के पैटर्न का विश्लेषण करेगी कमेटी

जनसांख्यिकीय परिवर्तन हमारी संप्रभुता के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक संरचना में गंभीर बदलाव और जनजातीय समाज के संरक्षण से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। यह कमिटी, अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तन का व्यापक मूल्यांकन करेगी और धार्मिक एवं सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों के पैटर्न का विश्लेषण करेगी तथा इसका सुनियोजित और समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करेगी।

## 15 अगस्त 2025 को लालकिले से पीएम ने की थी डेमोग्राफिक मिशन की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को अवैध प्रवासियों से होने वाले खतरों से बचाने के लिए एक %डेमोग्राफिक मिशन% की घोषणा की थी। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने नागरिकों को देश की जनसांख्यिकी को बदलने की एक साजिश के प्रति सचेत किया।

उन्होंने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा था, मैं राष्ट्र को एक चिंता, एक चुनौती के बारे में सचेत करना चाहता हूं। एक सोची-समझी साजिश के तहत, देश की जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है, और एक नए संकट के बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिए मेरे देश के युवाओं की रोजी-रोटी छीन रहे हैं। वे हमारी बहनों और बेटियों को निशाना बना रहे हैं। वे आदिवासियों को गुमराह कर रहे हैं और उनकी जमीनें हड़प रहे हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा की इस चुनौती से निपटने के लिए एक उच्च-शक्ति वाले जनसांख्यिकी मिशन को शुरू करने की घोषणा की, ताकि भारत के नागरिकों की एकता, अखंडता और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त न्यूज

### मशहूर रैपर यो यो हनी सिंह बीजेपी में होंगे शामिल!

*राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग से की मुलाकात, सिंगर का पंजाब से ताल्लुक*

**चंडीगढ़ ( एएम नाथ )**- मशहूर रैपर और सिंगर यो यो हनी सिंह राजनीति में कदम रखने वाले हैं? हनी सिंह ने मंगलवार (26 मई) को BJP के नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुग से मुलाकात की है। ज्ञात रहे कि हनी सिंह पंजाब से ताल्लुक रखते हैं। ऐसे में 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले यह मुलाक़ात अहम मानी जा रही है और इसके कई कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि हनी सिंह बीजेपी में शामिल होंगे या नहीं? इसके बारे में अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है। वहीं हनी सिंह का कहना है कि उन्होंने नशे के दलदल में फंसे पंजाब के युवाओं को बचाने के लिए तरुण चुग से मुलाकात की है और इस बारे में बातचीत की गई। हनी सिंह ने कहा कि मैंने पंजाब में नशे के फैले जाल को लेकर तरुण चुग से मुलाकात की है। नशे के दलदल में फँसकर पंजाब के परिवार के परिवार और युवक बर्बाद हो रहे हैं। पंजाब को कैसे चिट्टे (सूखे नशे) से दूर किया जाये। इसके लिए हमारी बातचीत हुई। हनी सिंह ने कहा तरुण चुग पंजाब में नशे के खिलाफ मुहिम में अहम योगदान दे रहे हैं। इसलिए वह उनके पास आए। पंजाब को हर हाल में नशे से बचाना होगा। ज्ञात रहे कि हनी सिंह खुद ड्रग्स एडिक्ट रह चुके हैं। नशे की गंभीर लत ने हनी सिंह को उनके काम से दूर कर दिया था। वह लंबे समय तक बीमार रहने पर इंडस्ट्री से गायब रहे। लेकिन उन्होंने नशे की लत को छोड़ फिर से कम बैक किया।



**तरुण चुग बोले, हनी सिंह से युवा सीखें** - इधर तरुण चुग ने कहा कि नशे के दलदल में फंसे युवाओं को हनी सिंह से सीख लेनी चाहिए और हिम्मत के साथ नशे की लत को हराना चाहिए। चुग ने कहा कि अगर हनी सिंह नशे से दूर होकर वापसी कर सकते हैं, तो पंजाब का युवा भी नई शुरुआत कर सकता है। इसलिए पंजाब के सभी युवा आगे आए और सब मिलकर पंजाब को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें। बता दें कि पंजाब में बड़ी संख्या में युवा नशे का शिकार हो रखे हैं। पंजाब में सूखे नशे ने न जाने कितने परिवार उजाड़ दिए हैं और नौजवानों की जान ले ली है। दुखद बात ये है कि मौतों का ये सिलसिला लगातार जारी है।

### जे एंड के व लद्दाख भारत के अभिन्न-अविभाज्य अंग

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**- भारत ने पाकिस्तान और चीन के बेबुनियाद बयानों पर जमकर सुनाया है। चीन और पाकिस्तान के ज्वाइंट स्टेटमेंट में जम्मू कश्मीर के जिक्र के बाद अब भारत ने इस प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जम्मू और कश्मीर भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत, चीन और पाकिस्तान के बीच जॉइंट स्टेटमेंट में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के बेवजह जिक्र को पूरी तरह से खारिज करता है। भारत का रुख एक जैसा है और संबंधित पार्टियों को अच्छी तरह पता है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। किसी दूसरे देश को इस पर कमेंट करने का हक नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा, जहां तक तथाकथित चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (CPEC) प्रोजेक्ट्स की बात है, जिनमें से कुछ भारत के सॉवरेन इलाके में हैं, हम दूसरे देशों के ऐसे किसी भी कदम का कड़ा विरोध करते हैं और उसे खारिज करते हैं, जिससे पाकिस्तान के इन इलाकों पर गैर-कानूनी और जबरदस्ती के कब्जे को मजबूत करने या उसे सही ठहराया जा सके, जिससे भारत की संप्रभुता और इलाके की एकता पर असर पड़े। यह बात पाकिस्तानी और चीनी अधिकारियों को कई बार साफ-साफ बता दी गई है।



# ड्रैगन की बढ़ेगी टेंशन!

## भारत और अमेरिका ने क्रिटिकल मिनरल्स पर किया ऐतिहासिक समझौता

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

26 मई ( एएम नाथ )

भारत और अमेरिका ने मंगलवार को महत्वपूर्ण खनिजों की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सहयोग को लेकर एक प्रमुख रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। भारत-अमेरिका के बीच यह कदम वैश्विक तकनीकी आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए महत्वपूर्ण रेयर अर्थ एलिमेंट्स और क्रिटिकल मिनिरल्स पर चीन के निर्यात नियंत्रणों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आया है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की मौजूदगी में कहा, यह एक बहुत ही सही समय पर उठाया गया और बेहद अहम कदम है।



उन्होंने कहा कि इसका मकसद अहम खनिजों और रेयर अर्थ की पूरी आपूर्ति श्रृंखला में हमारे सहयोग को और गहरा करना है। इसमें माइनिंग, प्रोसेसिंग, रीसाइक्लिंग और संबंधित निवेश शामिल हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह डील एक मजबूत और विविध आपूर्ति श्रृंखला बनाने में मदद करेगा, प्रोजेक्ट्स की फंडिंग में सहायता करेगा और साथ ही अहम खनिजों व रेयर अर्थ का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा, यह इस बात का एक और संकेत है कि एक ऐसी दुनिया में, जहां इतनी सारी चुनौतियां हैं, लेकिन साथ ही इतने सारे अवसर भी हैं, हमारा आपसी सहयोग कितना गहरा रहा है।

### रूबियो ने पैक्स सिलिका का किया जिक्र

अपने संबोधन में रूबियो ने अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया और बताया कि यह साझेदारी दोनों देशों के अपने-अपने राष्ट्रीय हितों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इस समझौते पर हस्ताक्षर का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा, यह उसी साझेदारी का एक ठोस उदाहरण है।

# पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया-जापान के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

## इंडो-पैसिफिक में शांति और सुरक्षा पर जोर

**नई दिल्ली ( एएम नाथ )**- नई दिल्ली में कूटनीतिक हलचल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को लेकर भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान भारत ने साफ किया कि वह अपने साझेदार देशों के साथ मिलकर इस क्षेत्र को सुरक्षित, खुला और संतुलित बनाए रखने के लिए लगातार काम करता रहेगा।



**इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता साझा प्राथमिकता** - प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से बातचीत में दोनों देशों के बीच बढ़ती व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया रक्षा, व्यापार, तकनीक और सप्लाई चेन जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं। दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखना उनकी साझा प्राथमिकता है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी से भी मुलाकात की। इस दौरान भारत-जापान के विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी इंडो-पैसिफिक ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी शांति और विकास को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है।

# पंजाब निकाय चुनाव में कई जगह हंगामा

## झड़प और हिंसा की घटनाएं, 61 फीसदी से ज्यादा मतदान



» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

26 मई ( एएम नाथ )

पंजाब में मंगलवार को 103 निकायों के चुनाव के लिए मतदान हुआ। आठ नगर निगमों, 75 नगर कौंसिलों व 20 नगर पंचायतों के लिए शुरू हुए मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसा के साथ ही करीब 15 जगहों प्रत्याशियों के समर्थकों में झड़प हुई।

लुधियाना जिले के रायकोट में नगर कौंसिल के चुनाव के दौरान वार्ड नंबर चार से कांग्रेस के प्रत्याशी जगदेव सिंह जग्गा पर सुबह कुछ लोगों ने तलवारों से हमला कर दिया। उन्हों गंभीर हालत में लुधियाना स्थित डीएमसी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि यह हमला आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया है जबकि आप ने इससे इनकार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बीजेपी प्रत्याशी के पति पर हमले की कोशिश

बरनाला में भी भाजपा प्रत्याशी के पति पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तरनतारन जिले के पट्टी में बूथ नंबर 35 और पटियाला जिले के समाना में वार्ड नंबर 35 के एक बूथ पर कुछ लोगों ने कब्जा करने का प्रयास किया। पट्टी में आरोपितों ने पोलिंग पार्टी पर ही हमला कर दिया और वहां लगे सीसीटीवी तक तोड़ दिए गए। इसके चलते उक्त बूथ पर एक घंटे तक मतदान रुका रहा। समाना में बूथ कैप्चरिंग के प्रयास के दौरान दो गुट आमने-सामने हो गए और दोनों पक्षों के बीच पथराव होने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठीचार्ज कर लोगों को खदेड़ा। इसी तरह अमृतसर के मजीठा, मुक्तसर जिले के गिद्दड़बाहा, मोगा, फिरोजपुर, फतेहगढ़ साहिब सहित अन्य जिलों में अलग-अलग पार्टियों के समर्थकों में झड़प हुई है। अबोहर में मतदान के बाद दो गुटों में हुई झड़प के दौरान तीन लोग घायल हो गए। इसी तरह बठिंडा में भी भाजपा के जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया।

**सुरक्षाकर्मी सहित चार लोग घायल**

इस हमले में सिंगला के अलावा उनके पुत्र, सुरक्षा कर्मी सहित चार लोग घायल हुए है?। राज्य में मतदान के दौरान सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। दिन चढ़ने और गर्मी के बीच दोपहर को मतदान की गति में कुछ कमी देखने को मिली।

राज्य चुनाव आयोग के अनुसार इस बार बैलेट पेपर से मतदान हुआ है। शाम पांच बजे तक कुल 61.5 प्रतिशत मतदान होने की सूचना है। राज्य में कुल मतदान कितना हुआ यह आंकड़ा राज्य चुनाव आयोग बाद में जारी करेगा।

# पश्चिमी कमान को मिला नया रणनीतिक नेतृत्व

## लेफ्टिनेंट जनरल हरजीत सिंह साही ने संभाला पदभार

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

26 मई ( पुनीत महाजन )

चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन में मंगलवार को भारतीय सेना की पश्चिमी कमान को नया रणनीतिक नेतृत्व मिला। लेफ्टिनेंट जनरल हरजीत सिंह साही ने पश्चिमी कमान के चीफ ऑफ स्टाफ का पदभार संभाल लिया।

सेना के भीतर उन्हें एक ऐसे अधिकारी के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने मैदान से लेकर 'वार रूम' तक हर स्तर पर अपनी क्षमता साबित की है। लेफ्टिनेंट जनरल साही ऐसे समय में पश्चिमी कमान की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जब देश की पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सुरक्षा चुनौतियां लगातार बदल रही हैं।

सीमा सुरक्षा, तकनीकी युद्ध, सूचना युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों का उनका लंबा अनुभव अब पश्चिमी कमान की रणनीतियों को नई दिशा देगा।

उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल पुनीत आहूजा का स्थान लिया है, जिन्हें सेना मुख्यालय में महानिदेशक रणनीतिक योजना की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### सियाचिन से मणिपुर तक ऑपरेशनल अनुभव

पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से शिक्षा प्राप्त करने वाले लेफ्टिनेंट जनरल साही को दिसंबर 1988 में राजपूत रेजिमेंट की 23वीं बटालियन में कमीशन मिला था। तीन दशक से अधिक लंबे सैन्य करियर में उन्होंने उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

सियाचिन ग्लेशियर जैसी दुनिया की सबसे कठिन तैनाती से लेकर जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर आतंकवाद विरोधी अभियानों तक, उन्होंने हर मोर्चे पर नेतृत्व किया। उन्होंने काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स 'किलो' में अपनी बटालियन और इन्फैंट्री ब्रिगेड की कमान संभाली। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में भारतीय सेना की सबसे बड़ी कोर - '3 कोर' की कमान शामिल है।

# मणिकर्ण साहिब से उठी पंजाब को नशा मुक्त बनाने की गूंज

## महामंडलेश्वर करौली शंकर दास जी महाराज ने लिया बड़ा संकल्प, आध्यात्मिक चेतना से मिलेगी नशे को मात

» प्रथम न्यूज । कुल्लू/मणिकर्ण

26 मई ( एएम नाथ )

मणिकर्ण साहिब की पावन भूमि पर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर पूर्ण गुरु करौली शंकर दास जी महाराज ने पंजाब को नशा मुक्त बनाने हेतु दृढ़ संकल्प लिया तथा साहिब के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर उन्होंने मानव कल्याण, ध्यान साधना और आध्यात्मिक जागरण के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का संदेश दिया। मणिकर्ण साहिब पहुंचे महामंडलेश्वर करौली शंकर दास जी महाराज ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि आज पंजाब सहित देश के कई हिस्सों में नशा युवाओं की रगों में दौड़ रहा है, जो परिवारों के लिए एक गंभीर संकट बन चुका है।

महाराज जी का मानना है कि ऐसे कठिन समय में केवल आध्यात्मिक चेतना, प्रार्थना और ध्यान साधना ही मनुष्य को भीतर से इतना मजबूत बना सकती है कि वह नशे जैसी जानलेवा बुराइयों से खुद को दूर रख सके।

**पंजाब में सजेगा निःशुल्क आनंद दरबार**

पूरी दुनिया में स्मृति महाविज्ञान के प्रणेता के रूप में विख्यात महामंडलेश्वर करौली शंकर दास जी देश के विभिन्न हिस्सों में निःशुल्क आनंद दरबार का आयोजन करते हैं। इन दरबारों में आने वाले लाखों लोग प्रार्थना और संकल्प की शक्ति से मानसिक तनाव, भय, दुख और नशे से मुक्ति पा चुके हैं। अब महाराज जी ने घोषणा की है कि नशा पीड़ित लोगों को नई जिंदगी देने के उद्देश्य से पंजाब में भी ऐसे विशेष आनंद दरबार आयोजित किए जाएंगे। बाबा श्री चंद जी महाराज को अपना परम प्रेरणास्त्रोत मानने वाले महामंडलेश्वर जी की विचारधारा बेहद स्पष्ट और व्यापक है। उनका मूल मंत्र है रोग मुक्त मानव, शोक मुक्त मानव, भय मुक्त मानव, भ्रम मुक्त मानव एवं नशा मुक्त मानव। उनके इसी जनकल्याणकारी संदेश के कारण देश-विदेश में उनके लाखों अनुयायी हैं। हाल ही में श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन द्वारा उनका महामंडलेश्वर पद पर भव्य पट्टाभिषेक किया गया है। मणिकर्ण साहिब की पवित्र भूमि से पंजाब को नशा मुक्त करने के उनके इस भागीरथ प्रयास और आध्यात्मिक अभियान को समाज के हर वर्ग द्वारा एक बेहद सकारात्मक और उम्मीद भरी पहल के रूप में देखा जा रहा है।





## संक्षिप्त न्यूज

### पंजाब के होशियारपुर में वोटिंग के दौरान बवाल, AAP उम्मीदवार पर वोटर्स को प्रभावित करने के आरोप

**होशियारपुर ( ब्यूरो )**- पंजाब के होशियारपुर जिले के हलका गढ़शंकर की नगर काउंसिल चुनावों के दौरान वोटिंग जारी है। इस बीच वार्ड नंबर 1 से आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार बिमला देवी पर मतदान केंद्र के बेहद करीब खड़े होकर मतदाताओं को प्रभावित करने के आरोप लगे। बताया जा रहा है कि बिमला देवी पोलिंग बूथ से महज 10 से 15 फुट की दूरी पर खड़ी थीं, जबकि चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार उम्मीदवार वोट डालने के बाद 100 मीटर यानी करीब 300 फुट दूर रहना चाहिए। इसके बाद जब यह मामला विरोधी पक्ष को पता चला तो उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस को शिकायत दी, जिसके बाद बिमला देवी को पोलिंग बूथ से बाहर करवाया गया।

इस मौके पर कांग्रेस पार्टी की वार्ड नंबर 1 की उम्मीदवार सीमा रानी ने कहा कि यह पूरी तरह गलत है और ऐसा नहीं होना चाहिए।

### 6 नशा तस्कर गिरफ्तार; हेरोइन और 54,000 एम.एल. अवैध शराब बरामद





**गुरदासपुर ( संदीप सन्नी )** - गुरदासपुर की विभिन्न पुलिस थानों ने कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**हेरोइन तस्करी मामले में 4 गिरफ्तार**

नशा विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने 17 ग्राम 280 मिलीग्राम हेरोइन बरामद कर 4 आरोपियों को हिरासत में लिया है :

**थाना सिटी गुरदासपुर** - पुलिस ने गगन कुमार और दिनेश कुमार को काबू कर उनके पास से 06 ग्राम 280 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की। इन पर एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 21/29 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**थाना बहरामपुर :** यहाँ साहिल कुमार को 05 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है।

**थाना सदर गुरदासपुर :** अनिकेत नामक आरोपी को पुलिस ने 06 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है।

**अवैध शराब के साथ 2 महिलाएं गिरफ्तार**

आबकारी विभाग और पुलिस की कार्रवाई में अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई है-

**थाना दीनानगर**- पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से क्रमश- 15,000 एम.एल. और 39,000 एम.एल. (कुल 54,000 एम.एल.) अवैध शराब बरामद की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

### बेतहाशा पड़ रही गर्मी में बेजुबान जीवों की प्यास बुझाना सबसे बड़ी मानवीय सेवा और पुण्य का कार्य है : डॉ आशीष सरीन

**होशियारपुर ( तरसेम दीवान )** - मई-जून के महीने में पड़ रही भयानक गर्मी और आसमान से बरस रही आग के कारण जहाँ आम इंसान बेहाल है, वहीं आसमान में उड़ने वाले बेजुबान पक्षियों के लिए भी यह मौसम बेहद चुनौतीपूर्ण बन गया है। इस संकट के समय पक्षियों की जान बचाने के लिए देश के तमाम लोगों को आगे आने की जरूरत है। यह शब्द हिज एक्सीलेंट इंस्टीट्यूट और सेंट कबीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चगरां होशियारपुर के एम.डी. डॉ. आशीष सरीन ने कुछ चुनिंदा पत्रकारों के साथ एक प्रेस वार्ता के दौरान साझा किए ! उन्होंने समाजसेवियों, पर्यावरण प्रेमियों और भारत के समस्त नागरिकों से एक विनम्रता सहित अपील की कि वे अपने घरों, कोठों (छतों), बालकनियों और आसपास खुली जगहों पर मिट्टी या किसी अन्य बर्तन में पक्षियों के पीने के लिए साफ सुथरा पानी जरूर रखें। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस मौसम में प्राकृतिक जल स्रोत, तालाब और नहरें सूख जाती हैं, जिस कारण आसमान में उड़ने वाले बेजुबान पक्षी पानी की एक-एक बूंद के लिए मीलों तक भटकते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार प्यास के कारण ये बेजुबान पक्षी दम भी तोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम सभी अपने घर की छतों पर बर्तनों में पानी रखना शुरू कर दें, तो ये पक्षी अपनी प्यास बुझा कर नई जिंदगी पा सकते हैं ! उन्होंने कहा कि अगर संभव हो तो मिट्टी के कोरे बर्तनों का उपयोग करें, क्योंकि इसमें पानी लंबे समय तक ठंडा रहता है। उन्होंने कहा कि बर्तनों में पाए पानी को रोजाना बदलें और बर्तनों को साफ रखें ताकि पक्षी बीमारियों से बचे रहें। उन्होंने कहा कि अगर छत पर कोई छांवदार पेड़ हों, तो पानी वहां रखना और भी उत्तम है। उन्होंने कहा कि इस भयानक गर्मी में बेजुबान जीवों की प्यास बुझाना सबसे बड़ी मानवीय सेवा और पुण्य का कार्य है। आइए, हम सभी मिलकर इस मुहिम का हिस्सा बनें और अपने घर की छत पर पानी रखने का प्रण लें।



### जालंधर में नगर निकाय चुनाव : दोपहर 2 बजे तक कई क्षेत्रों में 50% से अधिक मतदान, शांतिपूर्ण ढंग से जारी प्रक्रिया

जालंधर के उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वरजीत वालिया के नेतृत्व में, आदमपुर, करतारपुर, नकोदर, नूरमहल और फिल्लौर की पांच नगर परिषदों और महितपुर और लोहियां खास की दो नगर पंचायतों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। मतदाता उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। दोपहर 2 बजे तक, आदमपुर नगर परिषद में 44.71 प्रतिशत, करतारपुर में 47.13 प्रतिशत, नकोदर में 47.26 प्रतिशत, नूरमहल में 50.19 प्रतिशत और फिल्लौर नगर परिषद में 44.81 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार, महितपुर नगर पंचायत में 51.63 प्रतिशत और लोहियां खास में 52.47 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्वक हुआ। गौरतलब है कि जिले की 5 नगर परिषदों और 2 नगर पंचायतों के 99 वार्डों के लिए 341 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

# पंजाब में चुनाव के दौरान हिंसक झड़प, कांग्रेस उम्मीदवार के हाथ-पैर तोड़े

## लुधियाना के रायकोट में राजनीतिक हिंसा की घटना, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

» प्रथम न्यूज । जालंधर/लुधियाना
26 मई ( ब्यूरो )

पंजाब में आज 8 नगर निगमों, 75 नगर कौंसिलों और 20 नगर पंचायतों के लिए मतदान जारी है। सुबह 8 बजे शुरू हुई वोटिंग शाम 5 बजे तक चलेगी। राज्यभर में कुल 36.73 लाख मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जबकि चुनाव मैदान में 7,555 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और करीब 35 हजार पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

मतदान के चलते पूरे पंजाब में सरकारी अवकाश घोषित किया गया है, वहीं शराब बिक्री पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इन चुनावों में बठिंडा, अबोहर, बटाला, बरनाला, कपूरथला, मोगा, पठानकोट और मोहाली नगर निगमों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। इसके अलावा नगर कौंसिल और नगर पंचायतों के चुनाव भी एक साथ हो रहे हैं। इस बार मतदान ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से कराया जा रहा है, जिसके चलते मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और सतर्कता और अधिक बढ़ा दी गई है।

**लुधियाना में हिंसक झड़प :** वोटिंग के बीच लुधियाना के रायकोट में राजनीतिक हिंसा की घटना सामने आई है। नगर कौंसिल चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि वार्ड नंबर-4 से कांग्रेस उम्मीदवार जगदेव सिंह जग्गा पर पूर्व विधायक हाकम ठेकेदार के समर्थकों ने जानलेवा हमला



किया। हमले में जगदेव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पहले उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर लुधियाना के डीएमसी अस्पताल रेफर किया गया। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि हमलावरों ने उनके हाथ-पैर तक तोड़ दिए। घटना के बाद रायकोट में तनावपूर्ण माहौल बन गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि चुनाव में हार की आशंका के चलते विरोधियों को डराने और दबाव बनाने के लिए हमला करवाया गया। पार्टी नेताओं ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हुए कहा कि रायकोट को पहले गुंडागर्दी की राजनीति से बाहर निकालकर विकास के रास्ते पर लाया गया था, लेकिन अब फिर से भय और हिंसा का माहौल बनाया जा रहा है। कांग्रेस ने लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जनता वोट के जरिए ऐसी राजनीति का जवाब दे।

**आप ने किया जीत का दावा**

दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने चुनावों में बड़ी जीत का दावा किया है। बरनाला के एसडी कॉलेज स्थित पोलिंग बूथ नंबर-49 पर संगरूर से पूर्व सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने अपनी पत्नी डॉ. गुरवीन कौर के साथ मतदान किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बरनाला में पहली बार नगर निगम चुनाव हो रहे हैं और आम आदमी पार्टी यहां अपना पहला मेयर बनाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार अपने वादे पूरे करने में विफल रही है और युवाओं को रोजगार के नाम पर धोखा दिया गया है। मीत हेयर ने यह भी कहा कि पिछले दो वर्षों में लोकतंत्र कमजोर हुआ है।

# गिद्दड़बाहा में मतदान के दौरान आप-अकाली समर्थक भिड़े, बूथ पर अफरा-तफरी

## पंजाब निकाय चुनाव में तनाव, वार्ड 18-19 में चलीं लात-घूंसे

» प्रथम न्यूज । मुक्तसर साहिब
26 मई ( ब्यूरो )

पंजाब में नगर निकाय चुनाव के तहत मंगलवार को मतदान के दौरान मुक्तसर जिले के गिद्दड़बाहा में उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई, जब आम आदमी पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के समर्थक आपस में भिड़ गए। यह झड़प नगर कौंसिल के वार्ड नंबर 18 और 19 के मतदान केंद्रों पर हुई, जहां कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे से मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था, लेकिन दोपहर के समय दोनों दलों के समर्थकों के बीच बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया




कि दोनों पक्षों में हाथापाई और लात-घूंसे चलने लगे। मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और मतदान केंद्र पर कुछ देर के लिए तनाव फैल गया।

अकाली दल समर्थकों ने आरोप लगाया कि विधायक डिंपी ढिल्लों के पीए और उनके साथियों ने अकाली नेता चरणजीत सिंह भुंदड़ तथा अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। उनका कहना है कि बाहर से लोगों को लाकर मतदान प्रभावित करने की कोशिश की गई। वहीं आम आदमी पार्टी के समर्थकों ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि अकाली कार्यकर्ताओं ने पहले माहौल खराब किया और उनके समर्थकों पर हमला किया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। सुरक्षा बलों की मौजूदगी में मतदान प्रक्रिया दोबारा सामान्य रूप से शुरू कराई गई। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और निष्पक्ष मतदान में सहयोग करने की अपील की है। पंजाब में आज 8 नगर निगमों, 75 नगर कौंसिलों और 20 नगर पंचायतों के लिए मतदान जारी है, जिसमें लाखों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

### छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय बाल लेखक एवं सांस्कृतिक सम्मेलन में भाग लिया

**जीरा, 26 मई ( अंग्रेज बराड़ )** - पिछले डेढ़ साल से पंजाब भवन सरे कनाडा के संस्थापक श्री सुखी बाथ द्वारा बच्चों के मन में छिपी साहित्यिक प्रतिभा को उजागर करने के लिए नया कलाम नया उड़ान नामक एक परियोजना चलाई जा रही है। इस परियोजना के माध्यम से, दुनिया भर के छात्रों ने अपनी मौलिक रचनाओं को पुस्तक रूप दिया है। राज्य स्तर पर इस परियोजना के समन्वयक श्री ओंकार सिंह तेजा हैं। इसी के अंतर्गत, फागवारा में दूसरा बाल साहित्य एवं सांस्कृतिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष राज्य पुरस्कार विजेता मैडम सतिंदर कौर कहलो के नेतृत्व में सरकारी मिडिल स्कूल कैंप बॉयज बटाला के लगभग 15 छात्रों ने टीम गुरदासपुर के साथ भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं और भांगड़ा प्रस्तुति से सम्मेलन में रंग भर गया। संस्थापक श्री सुखी बाथ ने छात्रों को प्रमाण पत्र, शील्ड, पदक और पुस्तकें देकर सम्मानित किया।



मैडम रंजीत कौर बाजवा ने बताया कि पिछले डेढ़ साल से उनके स्कूल की लगभग हर पुस्तक में छात्रों की रचनाएँ प्रकाशित हुई हैं। अब तक गुरदासपुर जिले से बच्चों के लिए आठ साहित्यिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इस अवसर पर श्रीमती गुरजिंदर कौर, श्री विजय कुमार, श्रीमती अंजू बाला, श्रीमती शिवानी, श्री संदीप सिंह, श्रीमती सरबजीत कौर, श्रीमती प्रदीप कौर आदि उपस्थित थे। गुरदासपुर टीम की सदस्य श्रीमती रंजीत कौर बाजवा ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलनों का आयोजन एक अनूठी परंपरा है, जो छात्रों में उनकी प्रतिभाओं के प्रति जागरूकता और स्पष्टता पैदा करती है।

# पंजाब में ED की बड़ी कार्रवाई, रियल एस्टेट कारोबारी प्रवीण कंसल के घर रेड

## न्यू चंडीगढ़ जमीन घोटाला मामला, कारोबारी के ठिकानों पर ED की छापेमारी

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
26 मई ( ब्यूरो )

पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए रियल एस्टेट कारोबारी प्रवीण कंसल के ठिकानों पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ के सेक्टर-20 स्थित उनके आवास पर श्वष्ठ की टीम सुबह से जांच में जुटी हुई है। इस कार्रवाई के बाद कारोबारी जगत और संबंधित क्षेत्रों में हड़कंप मच गया है।




सूत्रों के मुताबिक यह कार्रवाई न्यू चंडीगढ़ में जमीन से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामले को लेकर की जा रही है। प्रवीण कंसल जीरकपुर के चर्चित चंडीगढ़ रॉयल सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े हुए हैं। उन्हें अकाली दल के पूर्व मंत्री सिकंदर सिंह मलुका का करीबी भी माना जाता है। बताया जा रहा है कि यह मामला उनके बिजनेस पार्टनर प्यारेलाल गर्ग की शिकायत के बाद सामने आया था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि प्रवीण कंसल ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर न्यू चंडीगढ़ की एक प्राइम जमीन का मालिकाना हक कथित तौर पर फर्जी तरीके से बदलवाया और अपने पार्टनर के साथ धोखाधड़ी की। इस मामले में पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पिछले साल प्रवीण कंसल के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 120-बी के तहत केस दर्ज किया था।

हालांकि पहली शिकायत साल 2023 में हुई थी, लेकिन उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बाद में 2025 में केस को दोबारा खोला गया और जून 2025 में औपचारिक मामला दर्ज हुआ। फिलहाल ED की टीम दस्तावेजों, संपत्ति रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# महंगाई का विरोध : बैलगाड़ी पर वोट डालने पहुंचे पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग

## पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर कांग्रेस का प्रदर्शन तेज

» प्रथम न्यूज । मुक्तसर साहिब
26 मई ( ब्यूरो )

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग मंगलवार को पत्नी अमृता वडिंग के साथ बैलगाड़ी पर सवार होकर श्री मुक्तसर साहिब के वार्ड नंबर पांच में मतदान करने पहुंचे। पंजाब कांग्रेस प्रधान ने यह कदम पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन के तौर पर उठाया। मतदान केंद्र तक बैलगाड़ी में पहुंचने पर लोगों और कार्यकर्ताओं की भीड़ जुट गई और यह दृश्य चर्चा का विषय बन गया।

राजा वड़िंग ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी की जिंदगी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों को अपने वाहन घरों में खड़े करने पड़ रहे हैं। जिन परिवारों की आय सीमित है, उनके सामने घर का खर्च चलाने और वाहन चलाने में से किसी एक को चुनने की मजबूरी पैदा हो रही है।



उन्होंने बताया कि पंजाब में पेट्रोल की कीमत औसतन 105.44 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.38 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच चुका है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केवल चुनाव जीतने के लिए नहीं चुना गया, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान करने की जिम्मेदारी भी सरकार की है।

राजा वड़िंग ने कहा कि बीते दस दिनों में ईंधन की कीमतों में चौथी बार बढ़ोतरी हुई है, जिसका असर अब आम जरूरत की वस्तुओं पर भी दिखाई देने लगा है। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रांसपोर्ट महंगा होने से सब्जियों, राशन और अन्य जरूरी सामानों के दाम भी बढ़ सकते हैं।

पंजाब कांग्रेस प्रधान ने ऐलान किया कि कांग्रेस पार्टी देशभर और पंजाब में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी और सरकार पर दबाव बनाएगी।

# सरकारी कॉलेज गुरदासपुर की ऊंची उड़ान

## दाखिलों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, नए कोर्सों के साथ शिक्षा का नया मॉडल तैयार – रिपोर्ट कार्ड जारी

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
26 मई ( संदीप सन्नी )

सरकारी कॉलेज गुरदासपुर ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान विकास, नवाचार (इनोवेशन) और उत्कृष्टता के नए मापदंड स्थापित करते हुए अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अश्वनी कुमार भल्ला ने बताया कि इस साल कॉलेज ने हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए एक मॉडल संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

**दाखिलों में रिकॉर्ड वृद्धि : 337 नए विद्यार्थियों का बढ़ा भरोसा**

प्रिंसिपल डॉ. भल्ला ने बताया कि कॉलेज पर जनता का विश्वास और इसकी शिक्षा की गुणवत्ता लगातार मजबूत हो रही है। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष प्रथम वर्ष के दाखिलों में 337 विद्यार्थियों की रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**रोजगारोन्मुखी नए कोर्स और भविष्य की योजनाएं**

विद्यार्थियों को आधुनिक और रोजगार के अवसरों से युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए कॉलेज में बी.बी.ए. (बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस), बी.कॉम. (टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट), एम.कॉम. और एम.ए. पंजाबी जैसे नए



कोर्स शुरू किए गए हैं। इसके साथ ही, आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मास कम्युनिकेशन एंड वीडियो प्रोडक्शन, फाइन आर्ट्स और एम.एससी. मैथमेटिक्स जैसे आधुनिक कोर्स शुरू करने की भी योजना है, जिससे सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं के लिए करियर के नए और बड़े रास्ते खुलेंगे।

**एफडीपी- शिक्षकों की कार्यकुशलता में निखार-**

शिक्षा की अकादमिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने के लिए कॉलेज में 27 अप्रैल से 1 मई 2026 तक एक विशेष फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मॉडर्न पेडागोजी, आउटकम बेस्ड एजुकेशन, डिजिटल एजुकेशन, इंडियन नॉलेज सिस्टम और वैल्यू एजुकेशन जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, जो शिक्षकों की कार्यकुशलता बढ़ाने में बेहद लाभकारी साबित हुई।

**सांस्कृतिक मंच पर बिखेरा जलवा: 102 अंकों के साथ यूनिवर्सिटी में दूसरा स्थान**

सांस्कृतिक क्षेत्र में कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में दूसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज ने कुल 102 अंक प्राप्त किए और 34 में से 26 विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज कर अपनी धाक जमाई।

**डिजिटल और बुनियादी ढांचे में बड़ा बदलाव**

कॉलेज परिसर में शिक्षा का आधुनिक माहौल तैयार करने के लिए बड़े स्तर पर बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण किया गया है। इसके तहत स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना, कंप्यूटर लैब का अपग्रेडेशन और पोस्ट ग्रेजुएट ब्लॉक (महाराजा रणजीत सिंह भवन) का कायाकल्प किया गया है। इसके अलावा, कॉलेज की गतिविधियों को डिजिटल माध्यम से जोड़ने के लिए कॉलेज का आधिकारिक यूट्यूब चैनल भी लॉन्च किया गया है।

**किताबों से परे सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ :** विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें समाज से जोड़ने के प्रयास लगातार जारी हैं। इसके तहत कॉलेज द्वारा परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, कानूनी जागरूकता शिविर और पर्यावरण संरक्षण मुहिम जैसी महत्वपूर्ण सामाजिक गतिविधियां चलाई गई हैं।

**राज्यपाल द्वारा प्रिंसिपल डॉ. भल्ला सम्मानित**

इस वर्ष की एक विशेष और गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अश्वनी कुमार भल्ला को पंजाब के राज्यपाल द्वारा राजभवन में आयोजित वाइस चांसलर्स और प्रिंसिपल्स कॉन्फ्रेंस के दौरान सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में डॉ. भल्ला ने बाइनरी सिस्टम ऑफ एक्रेडिटेशन और सीमावर्ती जिला कॉलेजों की समस्याएं और समाधान जैसे विषयों पर दो महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां भी दीं, जिसे राज्य स्तर पर काफी सराहा गया।

प्रिंसिपल डॉ. अश्वनी कुमार भल्ला ने अंत में दोहराया कि सरकारी कॉलेज गुरदासपुर भविष्य में भी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहेगा।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी वृद्धि लोगों की जेबों पर सरासर लूट है - नाहर और दाऊद

**नकोदर, 26 मई ( कुलदीप सिंह )** - आज, राज्य अध्यक्ष दर्शन नाहर की अध्यक्षता में रविदास भवन नकोदर में ग्रामीण श्रमिक सभा की राज्य कार्य समिति की बैठक हुई। सभा के राज्य महासचिव गुरनाम सिंह दाऊद ने देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति का विस्तृत विवरण देते हुए कहा कि मोदी सरकार की जनघातक नीतियों के कारण महंगाई ने गरीब और आम लोगों का जीवन दुगुना कर दिया है। पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतें बढ़ाकर शेष लागत भी वसूल की गई है। बेरोजगारी सभी सीमाओं को पार कर चुकी है। एमएनआरईजीए कानून को समाप्त करके और विकसित भारत जी राम जी कानून लागू करके श्रमिकों के चूल्हे ठंडे कर दिए गए हैं। मोदी सरकार ने उदारीकरण, वैश्वीकरण और निजीकरण की नीतियों को तेजी से लागू करके सार्वजनिक क्षेत्र को बर्बाद कर दिया है और अपने चहेतों अंबानी-अडानी को लूटने की खुली छूट दे दी है। पंजाब की भगवंत मान सरकार भी झूठ के सहारे दिन गुजार रही है। नशा विरोधी अभियान शुरू हो चुका है। प्रतिदिन युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं और सरकार, पुलिस और नशीले पदार्थों के तस्करों का गठबंधन युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है।



कॉमरेड दाऊद ने कहा कि मान सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है। वृद्धावस्था पेंशन को 2500 रुपये करने और महिलाओं को क्रमश: 1000 रुपये और 1500 रुपये देने के वादे पूरे होते नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने गांवों में कार्यकर्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करने और उपरोक्त मुद्दों को हासिल करने के लिए पुरजोर संघर्ष करने पर जोर दिया। बैठक के निर्णय की जानकारी प्रेस को देते हुए राज्य प्रेस सचिव बलदेव सिंह नूरपुरी ने बताया कि 30-31 मई को संगठन शाहपुर कंडी (पठानकोट) में राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और वर्तमान परिस्थितियों पर राज्य स्तरीय शैक्षिक शिविर का आयोजन करेगा। कार्यकर्ताओं को जागरूक करने और संगठन के सदस्यता अभियान को तेज करने के लिए 8 जुलाई तक 250 गांवों में जनसभाएं आयोजित करने का आह्वान किया गया। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 में संशोधन करके इसे कमजोर किया जा रहा है और इन संशोधनों को वापस लेने की मांग की।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हिमाचल न्यूज
Website : www.prathamnews.in

## संक्षिप्त न्यूज

### विकासखंड छौहारा की 12 पंचायतों में 83.23 प्रतिशत मतदान दर्ज

**रोहड ( बी. शर्मा )**– पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के अंतर्गत विकासखंड छौहारा की 12 पंचायतों में कुल 83.23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

इस दौरान ग्राम पंचायत अम्बोई में 72.12 प्रतिशत, ग्राम पंचायत ढाकगांव में 82.38 प्रतिशत, ग्राम पंचायत ग्वास में 89.44 प्रतिशत, ग्राम पंचायत खाबल में 82.66 प्रतिशत, ग्राम पंचायत खशाधार में 84.18 प्रतिशत, ग्राम पंचायत मकटोट में 88.89 प्रतिशत, ग्राम पंचायत रनोल में 82.09 प्रतिशत, ग्राम पंचायत रोहल में 81.77 प्रतिशत, ग्राम पंचायत शीला देश में 90.67 प्रतिशत तथा ग्राम पंचायत टांगनू–जांगलिख में 76.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

इसके अतिरिक्त, डोडरा क्वार उपमंडल की दो पंचायतों में भी मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत जाखा में 79.11 प्रतिशत तथा ग्राम पंचायत जिसकुन में 83.58 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

### बाबा बालक नाथ मंदिर छातीपुरा में विशाल वार्षिक भंडारा

**सैंकड़ों लोगों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद**



**बद्दी, 26 मई ( तारा )** – बद्दी नगर के तहत छातीपुरा में मंगलवार को बाबा बालक नाथ मंदिर में वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया। समाजिक कार्यकर्ता कुलदीप राजपूत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर में समिति व आसपास के लोगों के सहयोग से मंदिर में दो दिन पूजा पाठ चलता रहा। तीसरे दिन मंगलवार को हवन के पश्चात पूर्णाहुति डाली गई। दोपहर बाद विशाल भंडारे लगाया गया। इस दौरान सैंकड़ो लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बाबा जीवन गिरी जी, जीत राम, कुलदीप, जग्गर नाथ, पंकज, जुगल, शशि, विजय, निर्मल, संदीप, शिव, अजय, कालू राम, लक्की, सन्नी, विपन, दारा, जोनी, राम, बिंदर, दर्शन, गोलू, जस्सी, तारा सहित दर्जनों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### पांगी में सुनीता कुमारी के पक्ष में दिखी जबरदस्त लहर

**पहले चरण में मिला भारी जनसमर्थन**




**पांगी/भरमौर ( एएम नाथ )**– विधानसभा क्षेत्र भरमौर–पांगी के अंतर्गत जिला परिषद चुनाव के प्रथम चरण में भाजपा समर्थित उम्मीदवार सुनीता कुमारी के पक्ष में जमकर मतदान होने का दावा किया जा रहा है। पहले चरण में पांगी क्षेत्र की 10 पंचायतों में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जहां मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

जानकारी के अनुसार सुराल, करियास, करेल, किलाड़–1, करियूनी, साच, साहली, सेचू, शौर और रेई पंचायत में मतदान संपन्न हो चुका है। इन पंचायतों में जिला परिषद उम्मीदवार सुनीता कुमारी को जनता का अच्छा खासा समर्थन मिलने की चर्चा जोरों पर है।

सुनीता कुमारी ने दावा किया है कि क्षेत्र की जनता विकास, ईमानदार नेतृत्व और जनसेवा की सोच के साथ उनके पक्ष में मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उन्हें भरपूर आशीर्वाद दिया है, जिससे उनकी जीत और मजबूत होती दिखाई दे रही है।

इस अवसर पर सुनीता कुमारी ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी चरणों में भी भारी मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला तो वह पांगी क्षेत्र के विकास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए हर गांव की आवाज को मजबूती से जिला परिषद तक पहुंचाएंगी। उन्होंने कहा कि पांगी की जनता बदलाव और विकास के पक्ष में मतदान कर रही है तथा उन्हें विश्वास है कि आने वाले चरणों में भी जनता का अपार समर्थन उन्हें प्राप्त होगा।

# भ्रष्ट अधिकारियों के आगे पूरी तरह ‘कंप्रोमाइज़्ड’ हैं मुख्यमंत्री सुक्खू : जयराम ठाकुर

» प्रथम न्यूज । मंडी
26 मई ( बी.शर्मा )



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी से जारी प्रेस बयान में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अधिकारियों के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं और पूरी तरह से ‘कंप्रोमाइज़्ड’ हैं। उन्होंने वर्तमान कार्यवाहक मुख्य सचिव को स्थायी नियुक्ति दिए जाने के फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की। जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस अधिकारी की नियुक्ति को माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका के जरिए चुनौती दी गई है और जहां कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी किया है, ऐसे संवेदनशील समय में उसी अधिकारी को स्थायी सीएस बनाना सरकार की नीयत पर बड़े सवाल खड़े करता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत तीन एफआईआर दर्ज हैं और चेस्टर हिल बेनामी संपत्ति मामले में भी इनका नाम आ चुका है। इसके बावजूद कार्रवाई करने के बजाय मुख्यमंत्री उन्हें संरक्षण दे रहे हैं, जिससे साफ है कि कांग्रेसी नेताओं और मित्र मंडली के कुछ गहरे राज इन अधिकारियों के पास दबे हैं। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि मुख्यमंत्री इतने बेबस हैं कि वह भ्रष्ट अधिकारियों को पुरस्कृत कर रहे हैं और उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद भी सेवा विस्तार या पुनर्नियुक्ति देने की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं उन्हीं अधिकारियों से मुख्यमंत्री आज घिरे हुए हैं।

**भारत–पाकिस्तान सिंधु जल समझौते के निलंबन पर सवाल उठाने वालों को पीएम मोदी ने करारा जवाब दिया**

दूसरी तरफ, नेता प्रतिपक्ष ने जल सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों के मोर्चे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि 卐मोदी जी की गारंटी मतलब हर काम पूरा होने की गारंटी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत–पाकिस्तान सिंधु जल समझौते के निलंबन पर सवाल उठाने वालों को पीएम मोदी ने करारा जवाब दिया है। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान जाने वाली नदियों का पानी डायवर्ट करने के लिए ?2,620 करोड़ की लागत से दो बड़ी टनल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके तहत हिमाचल प्रदेश के लाहौल–स्पीति में 2,352 करोड़ की लागत से 8.7 किलोमीटर लंबी चेनाब–ब्यास लिंक टनल बनाई जाएगी, जो चेनाब की सहायक चंद्रा नदी के अतिरिक्त पानी को हाइड्रोलिक संरचनाओं के जरिए ब्यास बेसिन में मोड़ेगी। इसके अलावा जम्मू–कश्मीर के सलाल बांध में 268 करोड़ की लागत से सेडिमेंट–बायपास टनल का निर्माण होगा। इस ऐतिहासिक इंटर–बेसिन नदी–जोड़ो परियोजना से चंद्रा नदी का पानी पाकिस्तान जाने के बजाय ब्यास में मिलेगा, जिससे हिमाचल में बिजली उत्पादन बढ़ने के साथ–साथ पंजाब, हरियाणा और राजस्थान को भी भारी लाभ होगा।

**पहले चरण में भारी जन समर्थन के लिए प्रदेश की जनता का आभार जताया**

जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में पहले चरण के तहत संपन्न हुए पंचायती राज चुनावों में भाजपा को मिले भारी जन समर्थन के लिए प्रदेश की जनता का आभार जताया। उन्होंने दावा किया कि प्रथम चरण के नतीजों में अधिकांश स्थानों पर भाजपा की विचारधारा से जुड़े जनप्रतिनिधि जीतकर आए हैं, और जिला परिषद व पंचायत समिति के चुनावों में जनता ने कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ स्पष्ट जनादेश सुनाया है। उन्होंने कांग्रेस सरकार के राजनीतिक दबाव में काम कर रहे कुछ प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में चुनाव शांतिपूर्ण होने के बावजूद कुछ चुनिंदा अधिकारियों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में निष्पक्ष भूमिका नहीं निभाई। कई क्षेत्रों से चुनावी प्रक्रिया में कोताही बरते जाने और धांधली की शिकायतें मिली हैं, जो एक स्वच्छ और पारदर्शी लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया की राह में सरकारी बाधा को उजागर करती हैं।

**एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर नागेश ठाकुर के पिता श्री राम सिंह के निधन पर घर जाकर प्रकट की संवेदनाएं**

जयराम ठाकुर ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भौतिकी के प्राध्यापक प्रोफेसर नागेश ठाकुर के पिता श्री राम सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जयराम ठाकुर ने जोगिंदर नगर के समहोली स्थित उनके पैतृक आवास पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने प्रोफेसर नागेश ठाकुर और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं और ढांढस बंधाया।

## मंडी मध्यस्थता योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की संभावनाएं तलाशी जाएंः मुख्यमंत्री

» प्रथम न्यूज । शिमला
26 मई ( बी.शर्मा )



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सोमवार शाम यहां बागवानी विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि मंडी मध्यस्थता योजना के तहत खरीद पर बागवानों को भुगतान के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की संभावनाएं तलाश की जाएं।

मौजूदा भुगतान प्रणाली के तहत बागवानों को मंडी मध्यस्थता योजना के तहत की गई खरीद पर नकद राशि के स्थान पर उन्हें विभाग द्वारा अन्य सामग्री प्रदान कर भुगतान किया जाता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कदम से छोटे और सीमांत सेब उत्पादकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मुख्यमंत्री ने विभाग को निर्देश दिए कि मौजूदा सीजन में सेब उत्पादन का अनुमान तैयार किया जाए और बागवानों की सुविधा के लिए अग्रिम तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। इस वर्ष मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब खरीद के लिए लगभग 132 संग्रह केंद्र स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेब की खरीद के लिए पर्याप्त संख्या में संग्रह केंद्र स्थापित किए जाएं और बागवानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने उत्पादों के बेहतर प्रबंधन पर बल देते हुए निर्देश दिए कि एचपीएमसी के एप्पल जूस कंसंट्रेट तथा अन्य उत्पादों का प्रभावी विपणन किया जाए ताकि संस्थान को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने उत्पाद की शीघ्र बिक्री के लिए नीलामी केंद्रों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी खरीद प्रक्रिया को डिजिटल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और पिछले साढ़े तीन वर्षों में किसानों और बागवानों के कल्याण के लिए अनेक पहल की गई हैं।

बैठक में एचपीएमसी के उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, सचिव बागवानी सी. पॉलरासु, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, निदेशक डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं गवर्नेंस डॉ. निपुण जिंदल, एचपीएमसी के प्रबंध निदेशक डी.सी. राणा, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, निदेशक बागवानी सतीश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शिमला में पंचायत चुनाव में बड़ी लापरवाही, पूरी पोलिंग पार्टी निलंबित

» प्रथम न्यूज । शिमला
26 मई ( एएम नाथ )

शिमला पंचायत चुनाव के दौरान गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने पोलिंग पार्टी संख्या–65 के सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामला ग्राम पंचायत नरैन के वार्ड नंबर–1 स्थित ब्रांदली–1 मतदान केंद्र से जुड़ा है, जहां चुनाव प्रक्रिया के दौरान बड़ी चूक सामने आई।

जांच में पता चला कि मतदान कक्ष में एरो क्रॉस मार्क सील के साथ नोटा की रबर स्टाम्प भी खुली अवस्था में छोड़ दी गई थी। इसी दौरान एक मतदाता ने गलती से उम्मीदवार की जगह नोटा पर मुहर लगा दी। इसके बाद मामला चुनाव अधिकारियों के संज्ञान में आया और जांच शुरू की गई। शिकायत मिलने तक कुल 124 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे।

इस प्रक्रियात्मक लापरवाही के कारण कुछ समय के लिए मतदान प्रक्रिया को रोकना पड़ा। प्रशासन ने इसे चुनाव ड्यूटी में गंभीर चूक मानते हुए पूरी पोलिंग पार्टी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की। निलंबित अधिकारियों में प्रीसाइडिंग अधिकारी अनिल कुमार तथा पोलिंग अधिकारी प्रकाश चंद, राज कुमार और रमेश चंद शामिल हैं। निलंबन अवधि के दौरान सभी अधिकारियों का मुख्यालय बीडीओ कार्यालय रामपुर निर्धारित किया गया है।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने स्पष्ट कहा कि चुनाव जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी तय कर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे।

**बिलासपुर पुलिस को बड़ी सफलता**

## 3 किलो से अधिक चरस सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
26 मई ( जितेंद्र गौतम )



हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलासपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.005 किलोग्राम चरस बरामद की है। यह कार्रवाई गरामोड़ा फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान की गई, जहां पुलिस ने एक संदिग्ध कार को जांच के लिए रोका।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम वाहनों की नियमित चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान कैंचीमोड़ से कीरतपुर की ओर जा रही कार नंबर HP 01K–7012 को रुकवाया गया। कार में पांच लोग सवार थे, जिनका व्यवहार पुलिस को संदिग्ध लगा। पुलिस को देखकर सभी युवक घबरा गए, जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी की गहन तलाशी ली।

तलाशी के दौरान कार की डिक्की में रखे एक काले रंग के पिट्ठू बैग से 3.005 किलोग्राम चरस बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने मौके पर ही पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान मंडी जिले की बालीचौकी तहसील के थाची क्षेत्र के रहने वालों के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में ठाणेदार पुत्र दयाराम निवासी गांव डीगली, किशन चन्द पुत्र गणु राम निवासी गांव दुचार, गोपाल पुत्र देवे राम निवासी गांव बशुट, भाग चन्द पुत्र लोहारु राम निवासी गांव दुचार और दया राम पुत्र धर्मदास निवासी गांव दुचार शामिल हैं।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना स्वारघाट में NDPS एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि चरस की इतनी बड़ी खेप कहां से लाई गई थी और इसे किस जगह सप्लाई किया जाना था। एसपी बिलासपुर संदीप धवल ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि जिले में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस केवल झूठ और दोषारोपण की राजनीति कर रही है : त्रिलोक कपूर

**हर कैबिनेट बैठक में नौकरियों के दावे, लेकिन युवाओं को नहीं मिली स्थायी नौकरी**

» प्रथम न्यूज । शिमला
26 मई ( बी.शर्मा )



भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कांग्रेस नेता नरेश चौहान के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता हमेशा झूठ का सहारा लेकर राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठकों में फैसले कांग्रेस सरकार स्वयं करती है और बाद में उन्हीं खबरों को प्रचारित कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास करती है। त्रिलोक कपूर ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को आज भी हर विषय में भारतीय जनता पार्टी की पूर्व सरकारों को दोष देने की आदत पड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि क्या भाजपा सरकार के समय कभी चुनावों से पहले इस प्रकार की लोक–लुभावन घोषणाएं की गई थीं, जैसी आज कांग्रेस सरकार लगातार कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने का बड़ा वादा किया था, लेकिन आज तक महिलाओं के हाथ क्या लगा, यह प्रदेश की जनता भली–भांति जानती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के वादे ठन–ठन गोपाल साबित हुए हैं। त्रिलोक कपूर ने कहा कि हर मंत्रिमंडल बैठक में नौकरियों का पिटारा खोलने की बातें की जाती हैं, लेकिन धरातल पर आम युवाओं को स्थायी रोजगार मिलता कहीं दिखाई नहीं देता। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बड़े–बड़े दावे करते थे कि युवाओं को 58 वर्ष तक की नौकरी सुरक्षा दी जाएगी, लेकिन आज तक ऐसा कोई निर्णय लागू नहीं हुआ।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार में केवल मित्रों और मित्रों के मित्रों को लाभ पहुंचाने का काम हुआ है, जबकि आम आदमी और बेरोजगार युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बिजली के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए त्रिलोक कपूर ने कहा कि प्रदेश में बिजली के दाम लगातार बढ़ाए गए हैं और लोगों पर आर्थिक बोझ डाला गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन वह वादा पूरी तरह गायब हो गया। इतना ही नहीं, भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही 125 यूनिट बिजली की राहत को भी कांग्रेस सरकार ने छीन लिया। उन्होंने कहा कि अच्छा होता यदि नरेश चौहान प्रदेश की जनता के वास्तविक मुद्दों और कांग्रेस सरकार की विफलताओं का जवाब देते, लेकिन कांग्रेस नेताओं को केवल दोषारोपण की राजनीति करने का शौक रह गया है।

## पंचायत चुनाव ड्यूटी से गायब कर्मचारी को नोटिस, 24 घंटे में मांगा जवाब

**चुनाव ड्यूटी में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, कर्मचारी से मांगा स्पष्टीकरण**

» प्रथम न्यूज । मनाली
26 मई ( एएम नाथ )

हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में मनाली के रिटर्निंग ऑफिसर–कम–एसडीएम द्वारा एक कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कर्मचारी पर चुनाव ड्यूटी के दौरान निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित न होने का आरोप है।

जारी नोटिस के अनुसार, कटराईं वार्ड नंबर–2 में पोलिंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त चंदर मणि, जो आईएआरआई आरएस कटराईं में तकनीशियन के पद पर कार्यरत हैं, को चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था। प्रशासन को शिकायत मिली कि वह तय समय पर ड्यूटी स्थल पर उपस्थित नहीं हुए। चुनाव जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण कार्य में अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही माना गया है। एसडीएम कार्यालय की ओर से जारी नोटिस में कर्मचारी को 24 घंटे के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

प्रशासन का कहना है कि पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। ऐसे में चुनाव ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गैरहाजिरी को गंभीरता से लिया जा रहा है। चुनाव आयोग और जिला प्रशासन लगातार चुनाव प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए हैं ताकि मतदान कार्य बिना किसी बाधा के पूरा हो सके।

## नालागढ़ स्थित शीतला माता मंदिर में मंगलां दे दूसरे मेले का आयोजन

**मेले में लोगों ने जमकर की खरीदारी**

» प्रथम न्यूज । नालागढ़
26 मई ( गुरजीत सिंह )



हंडूर रियासत काल से चलने वाले नालागढ़ में ऐतिहासिक मंगलां दे दूसरे मेले मे काफी संख्या में लोगों ने माता शीतला के आगे शीश नवाया और आशीर्वाद लेकर अपने परिवार की सुख शांति की प्रार्थना की और मेले का लुफत उठाया। 26 जून को मंगलां के दूसरे मेले का हर्षोल्लास से आयोजन किया गया सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें लगी रही माता शीतला का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए लोग कतार बद्ध खड़े रहे। श्रद्धालुओं ने खील, बताशे, फल, फूल, गुलगुले,कचोरी आदि के प्रसाद का माता शीतला को भोग लगाया। मेले के चारों ओर दुकाने सजी हुई थी जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की।

यह मेला हंडूर रियासत काल के तत्कालीन राजा रामशरण के समय से करीब पांच सौ सालों से यह मनाया जाता आ रहा है। उस दौरान तत्कालीन राजा द्वारा नालागढ़ क्षेत्र में दो मेलों का आयोजन किया गया था जिनमें से मकर सक्रांति के अवसर पर लगने वाले पीरस्थान का मेला और दूसरा नालागढ़ शहर के वार्ड नंबर 6 में शीतला माता मंदिर परिसर में लगने वाला मेला। इस मेले में क्षेत्र के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता शीतला के दरबार में माथा टेकने आते हैं

इन मेलों में खासकर तीसरे मेले में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ती है जिसे बड़े मेले के नाम से भी जाना जाता है शीतला माता मंदिर की मान्यता है मौसम कि तब्दीली के कारण बच्चों व बड़ों को होने वाली फोड़ा, फूंसी, चिकनपॉक्स आदि चर्म रोगों का उपचार होता है जिसके चलते लोग यहां भारी संख्या में अपने परिवार सहित माता शीतला के दरबार में शीश नवाते है।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हरियाणा न्यूज
Website : www.prathamnews.in



संक्षिप्त न्यूज

# निजी वाहनों के प्रयोग में कमी के लिए हर गांव व शहर को बस सेवा से जोड़ा जाए: मुख्यमंत्री

## हरियाणा विजन-2047 के अंतर्गत परिवहन विभाग के अगले 5 वर्षों के रोडमैप व कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

26 मई ( मुकेश डोलिया )

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पेट्रोल व डीजल की खपत को कम करने के लिए निजी वाहनों के प्रयोग में कमी लाना जरूरी है और यह तभी होगा जब अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी बसों की सुविधा पहुंचेगी। इसलिए परिवहन विभाग ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बढ़ी हुई आबादी तथा भविष्य में पैदा होने वाली मांग के अनुरूप पूरे प्रदेश का रूटमैप बनाए और रिवाइज रूट प्लान के अनुरूप ज्यादा से ज्यादा गांवों व शहरों को बस सुविधा से जोड़े।



मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंगलवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन-2047 के अंतर्गत परिवहन विभाग के अगले 5 वर्षों के रोडमैप व कार्ययोजना के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। इस दौरान उन्होंने भविष्य में मांग के अनुरूप परिवहन विभाग द्वारा अपनाई जाने वाली की नई तकनीकों व योजनाओं की भी समीक्षा की और इनके संबंध में अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि परिवहन विभाग उचित प्रबंधन करें तो बसों की कमी भी दूर हो सकती है और अधिक से अधिक लोगों तक परिवहन सुविधाओं तक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकती है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि समय के साथ प्रदेश में मौजूद लगभग 6500 गांवों और शहरी क्षेत्र में आबादी तो बढ़ी है लेकिन परिवहन विभाग की बसों की पहुंच इसकी तुलना में उतनी नहीं बढ़ सकी है। विभाग नई जरूरतों के अनुसार पूरे प्रदेश का रूट प्लान तैयार करे और हर गांव तक बसों की पहुंच सुनिश्चित करने की योजना तैयार करे ताकि विद्यार्थियों व महिलाओं के साथ-साथ कामकाजी व्यक्ति भी बसों का अधिक से अधिक प्रयोग करें और निजी वाहनों के प्रयोग में कमी आए। गांवों का सर्कल बनाकर आपस में बसों से जोड़ा जाए। जरूरत हो तो इसके लिए पुरानी पॉलिसी में संशोधन भी किया जा सकता है। सरकार परिवहन विभाग को ऐसा बनाना चाहती है कि एक साल बाद हम कह सकें कि हमारा एक भी गांव ऐसा नहीं है जो बस सेवा से न जुड़ा हो।

**शहरों के भीतर चलाई जाएं लोकल बसें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले शहरों के आंतरिक हिस्सों में लोकल बसें चलती थी जो शहर के एक हिस्से को दूसरे से जोड़ती थीं लेकिन अब ऐसी बसों की संख्या बहुंत कम हो गई है जबकि शहरी क्षेत्रों का काफी विस्तार हो गया है। इससे शहरों के बाहरी हिस्सों में स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों के कामगारों को अपने वाहनों का इस्तेमाल करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि सभी शहरों में प्रमुख अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और धार्मिक स्थानों तक सिटी बसों की पहुंच सुनिश्चित की जाए। गुरुग्राम, फरीदाबाद व सोनीपत जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में कामगारों के लिए विशेष बसें चलाई जाएं और मैट्रो स्टेशनों तथा बस स्टैंडों तक मिनी बसें चलाई जाएं।

**रेलवे की तरह बसों की रियल टाइम ट्रैकिंग होगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सभी बसों को रेलवे की तर्ज पर ट्रैकिंग सिस्टम से जोड़ा जाए ताकि यात्री ऐप के माध्यम से देख सकें कि कौन सी बस इस समय कहां है और किस स्टॉप पर किस समय पहुंचेगी। प्रत्येक बस की डिपो से चलने के बाद रियल टाइम लोकेशन दिखाई देनी चाहिए। इसी प्रकार बसों में सीसीटीवी भी लगवाए जाएं जो कंट्रोल रूम से जुडें हों। बसों में पैनिक बटन भी लगवाए जाएं ताकि आपात स्थिति में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**एक साल में 10 नए इलेक्ट्रिक बस स्टैंड बनेंगे :** श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा भविष्य में अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक बसें ही खरीदी जाएं। इनकी चार्जिंग के लिए मजबूत आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले एक साल के भीतर प्रदेश में 10 नए इलेक्ट्रिक बस स्टैंड बनाए जाएंगे। बस स्टैंड पर सवारियों के लिए जहां इलेक्ट्रिक बस खड़ी होगी वहीं पर उनके चार्जिंग प्वाइंट लगवाए जाएं। बस में सवारियों के चढ़ने और उनकी टिकट काटने के दौरान ही बसों को चार्ज करने की व्यवस्था की जाए। हर जिले व हर शहर में अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएं। इसी प्रकार प्रदेश के अधिक से अधिक हिस्सों में पीपीपी मोड में चार्जिंग स्टेशन स्थापित करवाए जाएं। सभी बस स्टैंडों पर रूफटोप सोलर सिस्टम भी स्थापित करवाए जाएं ताकि ऊर्जा उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सके।

**पात्र व्यक्तियों को 20 लाख नए हैप्पी कार्ड वितरित किए जाएंगे**

श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में हैप्पी कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि अब तक लगभग 20 लाख व्यक्तियों को हैप्पी कार्ड दिए जा चुके हैं तथा 20 लाख नए कार्ड जल्द वितरित किए जाएंगे। नए कार्डों के वितरण के संबंध में उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आईटी बेस्ड स्मार्ट ड्राइविंग टेऊनिंग इंस्टीट्यूट के माध्यम से निजी व व्यावसायिक वाहनों के लिए दी जाने वाली ट्रेनिंग के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गाड़ी पास करने की मैनुअल प्रक्रिया को बंद कर इसे भारत सरकार द्वारा जारी नए प्रावधानों के अनुसार ऑटोमैटिक बनाया जाए। उन्होंने कहा कि गाड़ी पास करने के लिए प्रतीक्षा में लगने वाले समय को कम किया जाए।

**हरियाणा में सर्वाधिक 26 व्हीकल स्क्रैपिंग सेंटर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए हरियाणा में 26 सेंटर कार्यरत हैं जो देश में किसी भी अन्य राज्य से ज्यादा हैं। इनके माध्यम से वाहन स्क्रैप करवाने पर केंद्र सरकार 15 हजार रुपये प्रति वाहन इन्सेंटिव दे रही है। केंद्र सरकार हरियाणा को देश में सबसे अधिक 160 करोड़ रुपये का इन्सेंटिव देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा की बचत के लिए पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग को बढ़ावा देने के लिए सीमावर्ती जिलों में व्हीकल स्क्रैपिंग सेंटर बनाए जाएं ताकि अन्य राज्यों के वाहन चालकों को भी इसका लाभ मिल सके।

**बिना पीयूसी वाहनों की पहचान के लिए लगेंगे नंबर प्लेट रीडिंग कैमरे, नहीं मिलेगा ईंधन :** श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदूषण फैलाने और पीयूसी (पोल्यूशन अंडर कंट्रोल) सर्टिफिकेट के बिना चलने वाले वाहनों पर अंकुश लगाया जाए। इसके लिए प्रदेश के सभी पेट्रोल पंपों पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडिंग कैमरे लगवाए जाएं जो वाहन की नंबर प्लेट को स्कैन करके यह पहचान सकें कि किस वाहन का पीयूसी सर्टिफिकेट नहीं है। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल न दिया जाए। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्य प्रगति पर है और प्रथम चरण में सभी एनसीआर जिलों में 30 सितंबर तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

**बसों की मॉनिटरिंग के लिए बनेगा यूनिफाइड कमांड कंट्रोल सेंटर-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में इसी साल प्रदेश स्तरीय यूनिफाइड कमांड कंट्रोल सेंटर बनाया जाए जहां से सभी सरकारी व निजी बसों की मॉनिटरिंग की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सभी बस स्टैंड को भविष्य की जरूरतों के अनुसार अपग्रेड किया जाए और जहां बस स्टैंड नहीं हैं अथवा नए बनाने की जरूरत है वहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड बनाए जाएं जिनमें एसटीपी व ईटीपी आदि का भी प्रावधान हो।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजा शेखर वुंडरू, डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर की प्रधान सचिव श्रीमती अमनीत पी कुमार, मुख्यमंत्री के ओएसडी व स्वर्ण जयंती हरियाणा राजकोषीय प्रबंधन संस्थान के महानिदेशक डॉ. राज नेहरू तथा परिवहन आयुक्त श्री अतुल कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

---

विश्व थायराइड दिवस

## समय पर थायराइड की जांच कराने से दीर्घकालिक जटिलताओं से बचाव होता है : विशेषज्ञ

**चंडीगढ़( जगमीत घुम्मन )**- थायरॉइड ग्लैंड मेटाबॉलिज्म, एनर्जी लेवल, हार्ट फंक्शन, बॉडी टेंपरेचर, मूड और हार्मोनल संतुलन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हाइपोथायरायडिज्म, हाइपरथायरायडिज्म, थायराइड नोड्यूल्स और ऑटोइम्यून थायराइड रोग जैसे विकार, यदि अनट्रीटेड छोड़ दिए जाएं, तो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं। सोमवार को विश्व थायराइड दिवस के अवसर पर बोलते हुए, एंडोक्रिनोलॉजिस्ट सलाहकार, लिवासा अस्पताल, मोहाली, डॉ आकांक्षा गौतम ने कहा कि कई लोग शुरुआती लक्षणों जैसे कि बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन में बदलाव, थकान, बालों का झड़ना, अनियमित मासिक धर्म, चिंता, नींद की समस्या, गर्दन में सूजन या ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई को नजरअंदाज कर देते हैं।



इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि समय पर थायराइड की जांच से दीर्घकालिक जटिलताओं को रोकने में मदद मिल सकती है, उन्होंने बताया। डॉ आकांक्षा ने आगे इस बात पर ज़ोर दिया कि महिलाओं, विशेषकर गर्भावस्था, प्रसवोत्तर अवस्था और रजोनिवृत्ति के दौरान, थायराइड असंतुलन विकसित होने का जोखिम अधिक होता है। मधुमेह, मोटापा, ऑटोइम्यून विकार या थायराइड रोग के पारिवारिक इतिहास वाले व्यक्तियों को निवारक स्वास्थ्य देखभाल के हिस्से के रूप में नियमित हार्मोनल जांच और थायराइड प्रोफाइल परीक्षण करवाना चाहिए।

## नवीन जिंदल फाउंडेशन ने गांव बाखली में लगाया निशुल्क मैडिकल कैंप



**पिहोवा, 26 मई ( मुकेश डोलिया )** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को नि:शुल्क उपचार उपलब्ध करा रही है।

इसी क्रम में मंगलवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट गांव बाखली कलां और बाखली खुर्द में पहुंची, जहां दोनों गांवों के ग्रामीणों ने अपने घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में टीम ने मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई। इस शिविर में 62 लोगों को परामर्श के बाद मौके पर ही निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, साथ ही 8 मरीजों को रक्त परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान' के तहत यह पहल केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित व्यायाम के प्रति भी जागरुक कर रही है। पूरे संसदीय क्षेत्र में तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित कर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

## बाइक चोरी करने के मामले में थाना शहर पुलिस द्वारा आरोपी गिरफ्तार, बाइक पहले बरामद

**कैथल, 26 मई ( कृष्ण गर्ग )** दुपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार बाइक चोरी करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एएसआई राजीव सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव हरसौला निवासी राकेश के नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुगरमिल कैथल निवासी अजय कुमार की शिकायत अनुसार 4 मई को छात्रावास रोड़ स्थित कपड़े की दुकान के बहार से अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज कर लिया गया। चोरीशुदा बाइक पुलिस द्वारा पहले ही बरामद कर ली गई हैं। आरोपी किसी अन्य मामले में कैथल जेल में बंद था, जिसकी उक्त मामले में गिरफ्तारी के लिए माननीय न्यायालय की मार्फत प्रोडक्शन वारंट जारी करवाए गए थे। आरोपी न्यायालय में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है।



## सीआईए-1 पुलिस द्वारा सटोरिया काबु, 75150 रुपये नकदी बरामद

**कैथल, 26 मई ( कृष्ण गर्ग )** सट्टा खाईवाली का धंधा करने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत सीआईए-1 पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 75150 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह व सिपाही बलजीत सिंह की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की भगत सिंह चौक कैथल के पास स्थित एक करियाना दुकान में एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस द्वारा तत्परता व मुस्तैदी का परिचय देकर योजनाबद्ध तरीके से उक्त दुकान पर दबिश देकर वहां सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी चिरजींव कालोनी अम्बाला रोड़ कैथल निवासी अमित को काबू कर लिया गया। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से 75150 रुपये सट्टा राशि बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

---

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला पत्रकारों के साहस और योगदान की सराहना की

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

26 मई ( मुकेश डोलिया )

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वुमन जर्नलिस्ट वेल्फेयर ट्रस्ट की महिला पत्रकारों से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली साथ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारिता क्षेत्र की चुनौतियों के बावजूद महिला सशक्तिकरण के साथ आगे बढ़ रही महिलाओं के मनोबल की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता हित में गति और ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है तथा मीडिया जगत से मिलने वाली सूचनाओं और अपडेट पर वह स्वयं संज्ञान लेते हैं।





मुख्यमंत्री ने बीते 11 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महिला, युवा, किसान और गरीब व्यक्ति चार प्रमुख स्तंभ हैं।

महिला सशक्तिकरण पर सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत की थी। हरियाणा सरकार ने समाज के विभिन्न वर्गों को इस मुहिम से जोड़कर सकारात्मक परिणाम हासिल किए हैं। कई पंचायतों में बेटियों की जन्म दर बेटों से अधिक हुई है, जिन पंचायतों को सरकार द्वारा सम्मानित भी किया गया। साथ ही महिला सरपंचों को इन पंचायतों का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। पंचकूला में आयोजित स्वदेशी मेले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि एक महिला ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने और बेटी की शादी जैसे खर्चों की चिंता समाप्त होने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में किसानों के लिए खोली गई अटल कैंटीनों का संचालन भी स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं कर रही हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'नमो ड्रोन दीदी' योजना में हरियाणा अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

पंजाब को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां बाढ़ की स्थिति के दौरान हरियाणा सरकार ने हर जिले की समस्याओं को चिन्हित कर राहत सामग्री और सहायता पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पंजाब के नेता किसानों को फसल खराबे के मुआवजे की सही जानकारी तक नहीं दे पाए। अब इसका जवाब आने वाले चुनावों में पंजाब की जनता देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए हर माह 2100 रुपये की सहायता दी जा रही है और यह जनहितकारी कार्य सरकार बनने के पहले वर्ष में ही शुरू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पंजाब में महिलाओं को सहायता राशि देने की घोषणा तो की गई, लेकिन अब तक एक रुपया भी महिलाओं के खातों में नहीं पहुंचा, जबकि पंजाब सरकार अपना कार्यकाल लगभग पूरा कर चुकी है।

गुरुग्राम क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुनक नहर से सीधे गुरुग्राम और नूंह तक पाइपलाइन परियोजना के जरिए जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए लगभग दो हजार करोड़ रुपये के टेंडर की तैयारी पूरी कर ली गई है। साथ ही लो लाइन एरिया में एसटीपी बनाकर सोहना क्षेत्र के माध्यम से जल प्रबंधन की योजना पर भी कार्य किया जाएगा। एसवाईएल मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर चर्चा की है।

कॉकरोच जनता पार्टी से जुड़े एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि युवा पीढ़ी का इससे कोई जुड़ाव व लेना देना नहीं है और ऐसे आधारहीन आशय की कोई उम्र नहीं होती। वह स्वयं युवाओं से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू होते हैं और उनकी समस्याओं के निदान के लिए संबंधित को निर्देश दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री के निजी जीवन पर पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपने बच्चों से सप्ताह में बमुश्किल एक या दो बार मिल पाते हैं। बीते दिनों बेटी ने वृंदावन जाने की इच्छा व्यक्त की। योजना बन गयी और सपरिवार दर्शन की तैयारी भी हो गयी। इसी बीच जरूरी बैठक आने के कारण परिजनों को समय नहीं दे पाए।

## चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लूटपाट के प्रयास में तीन आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( पुनीत महाजन )**- चंडीगढ़ पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सेक्टर-39 पुलिस ने लूटपाट के प्रयास के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभय उर्फ अबू (23), अभिषेक (22) तथा अशोक उर्फ निखिल (21) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू और एक्टिवा नंबर ष्ट॥-01-ष्टस्-8947 बरामद की है।

यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यूटी चंडीगढ़ सुमेर प्रताप सिंह, आईपीएस के निर्देशों, पुलिस अधीक्षक सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार, DANIPS की निगरानी में थाना सेक्टर-39 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार यह मामला कुलदीप चंद भारद्वाज निवासी गांव बडहेड़ी, सेक्टर-41ए, चंडीगढ़ की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 25 मई 2026 की सुबह करीब 5:40 बजे वह साइकिल पर गौशाला फेज-1 मोहाली जा रहे थे। जब वह विश्वकर्मा मंदिर सेक्टर-55 के पास पहुंचे तो एक्टिवा पर सवार तीन युवकों ने उन्हें रोककर चाकू की नोक पर मोबाइल फोन और पर्स लूटने का प्रयास किया। हालांकि शिकायतकर्ता द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सेक्टर-39 पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की और तकनीकी व स्थानीय सूचना के आधार पर 26 मई को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अभय उर्फ अबू और अभिषेक का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, जबकि अशोक उर्फ निखिल पहले भी थाना सेक्टर-39 में दर्ज एक आपराधिक मामले में शामिल रह चुका है।

गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।



---

## खरीद एजेंसियों ने अब तक खरीदी 496379 मीट्रिक टन गेहूं : विवेक आर्य

**कुरुक्षेत्र, 26 मई ( बृज मोहन )** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति, हैफेड तथा हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन तीनों एजेंसियों ने 496379 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। इस सीजन में गेहूं का 2585 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि जिले में 262662 एमटी गेहूं का उठान कार्य पूरा किया गया है।

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि कुरुक्षेत्र में गेहूं की खरीद करने के लिए 29 खरीद केन्द्र व मंडिया स्थापित की गई है। इन मंडियों से खाद्य आपूर्ति, हैफेड, एफसीआई और हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन की तरफ गेहूं की खरीद का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इस सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा अजराना कलां में 3321 एमटी, अमीन में 2640 एमटी, बाबैन मंडी में 25572 एमटी, बारना में 2757 एमटी गेहूं, भौर सैंयदा में 4321 एमटी, बोधनी में 6562 एमटी गेहूं, चढुनी जाटान में 1987 एमटी गेहूं, गुमथला गढु में 21709 एमटी, इशाक में 4310 एमटी, इस्माइलाबाद मंडी में 68585 एमटी, झांसा मंडी में 10455 एमटी, कराह साहब में 8714 एमटी, किरमच में 1944 एमटी गेहूं, थानेसर मंडी में 84548 एमटी, लाडवा मंडी से 62714 एमटी, लुखी में 3484 एमटी, मलिकपुर में 5867 एमटी, नलवी में 845 एमटी, नीमवाला में 5626 एमटी, पिहोवा मंडी में 58676 एमटी, पिहोवा एक्सटेंशन मंडी में 23504 एमटी, पिपली मंडी से 23979 एमटी, शाहबाद से 39731 एमटी गेहूं, थाना में 3270 एमटी गेहूं, ठोल मंडी से 21256 एमटी गेहूं खरीद गया है।

उन्होंने कहा कि हैफेड द्वारा अजराना कला में 3321 एमटी, बोधनी मंडी में 3800 एमटी, चढुनी जाटान मंडी में 1987 एमटी गेहूं, इस्माईलाबाद मंडी से 25743 एमटी गेहूं, झांसा मंडी में 1032 एमटी गेहूं, किरमच में 1944 एमटी, थानेसर 33533, लाडवा मंडी में 11471 एमटी, लुखी में 3486 एमटी, मलिक पुर में 5867 एमटी, पिहोवा मंडी में 21150 एमटी गेहूं, पिहोवा एक्सटेंशन में 11331 एमटी, गेहूं, पिपली मंडी में 291 एमटी गेहूं, शाहबाद मंडी में 1585 एमटी गेहूं खरीद कार्य पूरा किया गया है।

# समाधान शिविर में 7948 शिकायतों में से 5287 शिकायतों का हुआ समाधान : आशीष कुमार

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र

26 मई ( बृज मोहन )

नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि अब तक समाधान शिविर में 7948 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें से 5287 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की पोर्टल पर डिटेल जानकारी अपडेट करें, ताकि शिकायत दोबारा ओपन ना हो। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की रिमार्क्स स्पष्ट ना होने के कारण शिकायतों की पेंडिंग में संख्या ज्यादा है। इनको कम करने के लिए जांच रिपोर्ट भरकर विस्तृत जानकारी पोर्टल पर अपडेट करें।




नगराधीश आशीष कुमार लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी, सीपीजीआरएएमएस और जनसंवाद की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एवं वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण कुमार गुप्ता ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि तय समय सीमा में आमजन की समस्याओं का समाधान करें।

उन्होंने बताया कि सीएम विंडो से संबंधित अब तक 12083 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमें से 11855 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है ,जबकि 134 शिकायतें ओवर ड्यू है और 175 शिकायत इन एक्शन है। उन्होंने बताया कि जन संवाद में 506 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें 141 इन एक्शन है और 106 शिकायतें ओवर ड्यू है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया ग्रीवेंस में शिकायतें हैं, इससे संबंधित उन्होंने अधिकारियों को कहा की जल्द से जल्द सोशल मीडिया ग्रीवेंस से संबंधित 64 समस्याओं का समाधान करें तथा उसकी एटीआर भी पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि सीपीजीआरएएमएस से संबंधित 20 शिकायतें पेंडिंग है जिसका समाधान भी समय रहते करें।

उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है उन शिकायतों को जांच रिपोर्ट के साथ तुरंत प्रभाव से रिजेक्ट करें और पोर्टल पर डाटा अपडेट करें। उन्होंने कहा कि सोमवार व वीरवार को सभी उपमंडल और जिला स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं जुडक़र प्रदेश के विभिन्न जिलों के लोगों की शिकायतों को सुनते हैं। साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय से समीक्षा भी की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वो समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों को गंभीरता से लें और शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान करें।

इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विकास कुमार, सीएम एमिनेंट पर्सन गगन कोहली, सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी रामपाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
संपादकीय
Website : www.prathamnews.in

## आज का संपादकीय

# कानून से ऊपर नहीं कोई मजहबी प्रथा



बकरीद पर गाय की कुर्बानी को लेकर बंगाल में एक बार फिर टकराव की परिस्थितियां बन रही हैं। ताजा विवाद केवल मजहबी मामले को नहीं, बल्कि भारतीय संविधान के उस संवेदनशील क्षेत्र को फिर सामने ले आया है, जहां आस्था, कानून, सामाजिक सद्भाव और राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी एक-दूसरे की परीक्षा लेते हैं। प्रश्न यह नहीं कि किसी समुदाय को अपने मजहब का पालन करने का अधिकार है या नहीं? यह अधिकार संविधान ने स्पष्ट रूप से दिया है।

प्रश्न यह है कि क्या किसी अवसर पर गोवंश की बलि को ऐसा अनिवार्य मजहबी आचरण माना जा सकता है, जिसके सामने राज्य के वैध पशु-संरक्षण कानून निष्प्रभावी हो जाएं? कलकत्ता हाई कोर्ट का ताजा रुख इसी प्रश्न का स्पष्ट उत्तर देता है। उसने बंगाल सरकार की उस व्यवस्था में हस्तक्षेप से इन्कार किया, जिसके तहत गाय, बैल, बछड़ा, भैंस आदि का वध बिना वैधानिक प्रमाणपत्र और अधिकृत स्थान के नहीं किया जा सकता।

अदालत ने यह भी संकेत दिया कि ईद-उल-अजहा में गाय की कुर्बानी इस्लाम की ऐसी अनिवार्य मजहबी आवश्यकता नहीं, जिसे अनुच्छेद 25 के अंतर्गत पूर्ण संरक्षण प्राप्त हो। यह दृष्टिकोण अचानक नहीं आया है। इसके पीछे सुप्रीम कोर्ट की लंबी संवैधानिक परंपरा और अनेक निर्णयों की ठोस पृष्ठभूमि है। संविधान धार्मिक स्वतंत्रता को मूल अधिकार का दर्जा देता है। अनुच्छेद 25 प्रत्येक व्यक्ति को अंतःकरण की स्वतंत्रता तथा आस्था को मानने, आचरण करने और प्रचार करने का अधिकार देता है, किंतु यह सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता, स्वास्थ्य और अन्य संवैधानिक प्रविधानों के अधीन है। इसी अनुच्छेद में राज्य को सामाजिक सुधार और लोकहित से जुड़े कानून बनाने की शक्ति भी दी गई है। इसलिए मजहबी आजादी का अर्थ यह नहीं कि हर परंपरा कानून से ऊपर हो जाए।

गाय की कुर्बानी के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का पहला बड़ा निर्णय मोहम्मद हनीफ कुरैशी बनाम बिहार राज्य का है। इस मामले में बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के गोवध निषेध कानूनों को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि बकरीद पर गाय की कुर्बानी इस्लामी मजहबी आचरण का हिस्सा है और उस पर रोक अनुच्छेद 25 का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी का मजहबी महत्व हो सकता है, पर गाय की ही कुर्बानी अनिवार्य नहीं है। इस्लामी परंपरा में बकरी, भेड़, ऊंट आदि विकल्प उपलब्ध हैं। इसलिए गाय की कुर्बानी को इस्लाम की अनिवार्य मजहबी प्रथा नहीं माना जा सकता।

मजहब के नाम पर हर सामाजिक, सांस्कृतिक या परंपरागत व्यवहार को संवैधानिक संरक्षण नहीं मिल सकता। संरक्षण उसी आचरण को मिलेगा जो मजहब विशेष का मूल, आवश्यक और अविभाज्य हिस्सा हो। यदि कोई आचरण वैकल्पिक है, परंपरागत है या सामाजिक सुविधा से जुड़ा है, तो राज्य उसे लोकहित में नियंत्रित कर सकता है। इसी दृष्टि को सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट आफ वेस्ट बंगाल बनाम आशुतोष लाहिड़ी में और स्पष्ट किया।

राज्य सरकार ने बकरीद पर स्वस्थ गायों के वध के लिए छूट देने की कोशिश की थी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने उस छूट को अनुचित माना और मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के दृष्टिकोण को सही ठहराते हुए कहा कि बकरीद पर स्वस्थ गाय की कुर्बानी मुसलमानों की अनिवार्य मजहबी आवश्यकता नहीं है। यदि राज्य का कानून कहता है कि केवल उम्रदराज, अक्षम या अनुपयोगी पशु का वध वैधानिक प्रमाणपत्र के बाद ही हो सकता है, तो बकरीद के नाम पर स्वस्थ गोवंशीय पशुओं के वध की खुली छूट नहीं दी जा सकती।

सुप्रीम कोर्ट ने पशु-संरक्षण और राज्य की विधायी शक्ति को भी बार-बार मान्यता दी है। गुजरात राज्य बनाम मिर्जापुर मोती कुरैशी कसाब जमात मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के कठोर गोवध निषेध कानून को वैध ठहराया था। गोवध निषेध को केवल बहुसंख्यक धार्मिक भावना से जोड़कर देखना अधूरा दृष्टिकोण होगा। संविधान ने स्वयं पशुधन संरक्षण को अनुच्छेद 48 में नीति निर्देशक तत्वों का हिस्सा माना है। हां, यह भी उतना ही आवश्यक है कि इस नीति को लागू करते समय राज्य किसी समुदाय को राजनीतिक लाभ के लिए निशाना बनाने की प्रवृत्ति से बचे।

आस्था का सम्मान कानून-विरोधी आग्रह से नहीं बढ़ता। बकरीद का संदेश त्याग, संयम और ईश्वर-निष्ठा का है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने न तो मजहबी स्वतंत्रता को नकारा और न ही राज्य को असीमित शक्ति दी। उसने केवल इतना कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि गाय की कुर्बानी इस्लाम की अनिवार्य मजहबी प्रथा नहीं है, तब राज्य के पशु-वध नियंत्रण कानूनों को बकरीद के नाम पर अनदेखा नहीं जा सकता।

भारत जैसे बहुधार्मिक समाज में किसी की आस्था दूसरे की पीड़ा का कारण नहीं बननी चाहिए और किसी की भावना दूसरे के अधिकारों को कुचलने का औजार भी नहीं बननी चाहिए। आज आवश्यकता है कि सरकारें कानून को निष्पक्षता से लागू करें, धर्मगुरु समाज को संयम का संदेश दें, राजनीतिक दल आग में घी डालने से बचें और नागरिक यह समझें कि अधिकारों के साथ संवैधानिक उत्तरदायित्व भी होते हैं।

# वक्त सबका आता है, वक्त से डरिये



नरेन्द्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

ज़िंदगी में दो ही चीज़ें ऐसी हैं जो किसी के बस में नहीं-पैदा होना और मरना। बाकी सबके बीच में एक तीसरी चीज़ है जो सबसे ज़्यादा ताकतवर है, सबसे ज़्यादा निष्पक्ष है, और सबसे ज़्यादा बेरहम भी है वक्त। कहते हैं वक्त सबका आता है। ये सिर्फ तसल्ली का शब्द नहीं है। ये एक नियम है, एक चक्र है जो कभी नहीं रुकता। और इसी चक्र की वजह से समझदार लोग कहते हैं-वक्त से डरिये। वक्त का खेल निराला है। आज जो सिंहासन पर बैठा है, कल उसी को सिंहासन से उतरते देखा है। आज जो सड़क पर भीख माँग रहा है, कल उसी के आगे दुनिया झुकी है। इतिहास उठाकर देख लीजिए, राजा फकीर बने और फकीर राजा बने। वक्त किसी का सगा नहीं होता। न रिश्तेदार देखता है, न अमीरी-गरीबी, न जाति, न धर्म। उसका एक ही पैमाना है-कर्म। इसलिए जब वक्त अच्छा हो तो इंसान को घमंड नहीं करना चाहिए। ये मत सोचो कि जो इज्ज़त, पैसा, ताकत आज मिली है वो हमेशा रहेगी। वक्त पलटते देर नहीं लगती। और जब बुरा वक्त हो तो टूटना नहीं चाहिए। क्योंकि रात जितनी काली हो, सवेरा उतना ही करीब होता है। वक्त से डरिये का मतलब ये नहीं कि डरकर घर में बैठ जाओ। इसका मतलब है वक्त की ताकत को पहचानो। वक्त हिसाब रखता है। आज तुम किसी को नीचा दिखा रहे हो, किसी की मजबूरी का फायदा उठा रहे हो, किसी के भरोसे को तोड़ रहे हो-वक्त सब नोट कर रहा है। आज तुम हँस रहे हो, कल वही दृश्य पलटकर तुम्हारे सामने आएगा। डरना चाहिए उस दिन से जब वक्त पलटे और तुम्हारे पास देने के लिए सिवा पछतावे के कुछ न बचे। डरना चाहिए उस पल से जब लोग कहें-ये वही है जिसने हमारा सहारा छीन लिया था। वक्त से डरने वाला इंसान कभी किसी का बुरा नहीं करता। क्योंकि उसे पता होता है कि आज जो बीज बो रहा हूँ, वही कल काटना पड़ेगा। जब पैसा आता है, पद आता है, शोहरत आती है-तब इंसान को लगता है कि ये सब मेरी मेहनत का फल है। बिलकुल है। पर मेहनत को मौका देने वाला वक्त भी तो है। अच्छे वक्त में लोग बदल जाते हैं। पुराने दोस्त भूल जाते हैं, रिश्तेदार बोझ लगने लगते हैं, मदद करने वाले जरूरत के कीड़े लगते हैं। यही सबसे बड़ी गलती है। क्योंकि वक्त का सबसे बड़ा वार यही होता है-जब तुम्हें तुम्हारी औकात याद दिलाता है। और वो याद दिलाता है बिलकुल अकेले में, जब तुम्हारे पास न पैसा बचता है, न पद, न लोग। इसलिए अच्छे वक्त में विनम्र रहो। जो मिला है उसे बाँटो। आज तुम किसी का हाथ पकड़ोगे, तो कल कोई तुम्हारा हाथ पकड़ेगा। अहंकार मत पालो, क्योंकि अहंकार सबसे पहले वक्त तोड़ता है। बुरा वक्त सबसे बड़ा शिक्षक होता है। ये छीनता सब कुछ है-पैसा, रुतबा, दोस्त, रिश्ते। पर बदले में एक चीज़ देता है-समझ। बुरे वक्त में पता चलता है कि कौन अपना है और कौन मतलब का। पता चलता है कि इज्ज़त कपड़ों की नहीं, किरदार की होती है। पता चलता है कि रोना बेकार है, क्योंकि आँसू पोंछने वाला खुद को ही होना पड़ता है। जो इस समझ को संभाल लेता है, वही फिर से खड़ा होता है। और जब खड़ा होता है तो पहले से दोगुना मज़बूत होता है। इसलिए बुरे वक्त में शिकायत मत करो। ये वक्त तुम्हें तराश रहा है। हीरा भी तभी चमकता है जब उसे रगड़ा जाता है। सब्र रखो, क्योंकि वक्त किसी एक जगह टिकता नहीं। कहते हैं कल कर लेंगे। पर कल कभी नहीं आता। वक्त चलता रहता है। आज माँ-बाप हैं तो उनकी सेवा कर लो। कल कहोगे अब करूँगा तो हो सकता है वो ही न रहें। आज दोस्त हैं तो माफ कर दो। कल कहोगे अब बात करूँगा तो शायद वो बात करने लायक न रहें। आज मौका है तो मेहनत कर लो। कल कहोगे अब करूँगा तो मौका निकल चुका होगा। वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। न राजा के लिए, न रंक के लिए। इसलिए जो करना है, अभी करो। जो कहना है, अभी कह दो। क्योंकि वक्त गुज़रने के बाद पछतावा सबसे भारी लगता है। आज जो तुम्हारे आगे-पीछे घूम रहे हैं, वक्त पलटते ही गायब हो जाएंगे। ये दुनिया मतलब की है। जब तक तुम्हारे पास देने को कुछ है, तब तक तुम राजा हो। जिस दिन खाली हो गए, उस दिन कोई नहीं पूछेगा। और आज जो तुम्हें गिराने में लगे हैं, कल तुम्हारे पैर पकड़ेंगे। क्योंकि वक्त जब पलटता है तो सारे हिसाब बराबर कर देता है। इसलिए न किसी के सामने बहुत झुको, न किसी को बहुत झुकाओ। आज तुम ताकतवर हो तो किसी को मत रुलाओ। कल तुम कमज़ोर हो तो किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े। रिश्तों में भी यही सच है। आज जो रिश्ता तुम्हें बोझ लगे, कल वही रिश्ता सहारा बनेगा। वक्त से डरने का मतलब खुद से ईमानदार होना है। वक्त से डरने वाला इंसान झूठ नहीं बोलता, धोखा नहीं देता, किसी का हक़ नहीं मारता। क्योंकि उसे पता होता है कि हिसाब देना है। ये डर कायरता नहीं है। ये डर समझदारी है। जैसे ड्राइवर मोड़ पर गाड़ी धीमी करता है, वैसे ही समझदार इंसान वक्त के मोड़ पर रुककर सोचता है-कहीं मैं गलत तो नहीं कर रहा? जो ये डर रखता है, वही लंबे समय तक टिकता है। बाकी सब कुछ पल भर की चमक होते हैं। जो आज चमक रहे हैं, कल अँधेरे में गुम हो जाते हैं।

पर जो सच और मेहनत के सहारे चलते हैं, उनकी रोशनी कभी बुझती नहीं। वक्त सबको एक मौका देता है। कोई भी हमेशा ऊपर नहीं रहता, कोई भी हमेशा नीचे नहीं रहता। आज जो हारा है, कल जीत सकता है। आज जो जीता है, कल हार सकता है। इसलिए किसी को कम मत आँको। आज जो मज़दूर है, कल उसका बेटा अफसर बन सकता है। आज जो मालिक है, कल उसका बेटा सड़क पर आ सकता है। फर्क सिर्फ इतना है कि कोई उस मौके को पहचान लेता है, और कोई गँवा देता है। मौके पहचानने के लिए आँखें नहीं, नीयत साफ होनी चाहिए। और नीयत साफ रखने के लिए वक्त से डरना पड़ता है। ज़िंदगी में दो तरह के लोग होते हैं। एक वो जो कहते हैं-मेरा वक्त खराब है। दूसरे वो जो कहते हैं-मैं खराब वक्त में भी अच्छा बनूँगा। पहले वाले वक्त के गुलाम बन जाते हैं। दूसरे वाले वक्त को गुलाम बना लेते हैं। इसलिए घमंड मत करो, अगर आज तुम्हारा वक्त है। और निराश मत हो, अगर आज किसी और का वक्त है। क्योंकि वक्त चक्र की तरह घूमता है। जो आज ऊपर है, कल नीचे आएगा। जो आज नीचे है, कल ऊपर जाएगा। और हाँ-वक्त से डरो। डरो उस दिन से जब वक्त पूछे-तुमने मेरे दिए हुए मौके का क्या किया? अगर जवाब में तुम्हारे पास शर्मिंदगी के अलावा कुछ न हो, तो समझो तुम हार गए। पर अगर जवाब में तुम्हारे पास ईमानदारी, मेहनत और इंसानियत हो, तो वक्त खुद तुम्हारे आगे झुक जाएगा। क्योंकि अंत में जीत उसी की होती है जो वक्त से लड़ता नहीं, उसे समझता है। जो वक्त को समझ लेता है, वो खुद को समझ लेता है। और जो खुद को समझ लेता है, वो दुनिया को समझ लेता है। इसलिए आज से एक वादा करो खुद से। जब वक्त अच्छा हो तो किसी का दिल मत दुखाना। जब वक्त बुरा हो तो अपना हौसला मत तोड़ना। और जब वक्त बदले तो इतना मजबूत बनना कि लोग कहें-देखो, ये वही है जो गिरकर भी नहीं टूटा। क्योंकि वक्त सबका आता है। पर वक्त के साथ चलने वाला ही इतिहास बनता है।

# धार्मिक सौहार्द और सार्वजनिक व्यवस्था के बीच संतुलन की जरूरत

देश में धार्मिक आयोजनों, सार्वजनिक स्थलों के उपयोग और सामाजिक सौहार्द को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। हाल ही में पश्चिम बंगाल के एक राजनीतिक नेता के बयान के बाद सड़क पर नमाज पढ़ने और बकरीद के दौरान धार्मिक गतिविधियों को लेकर राजनीतिक और सामाजिक माहौल गर्म हो गया। इस मुद्दे ने न केवल राजनीतिक गलियारों में चर्चा बढ़ाई, बल्कि आम लोगों के बीच भी कानून, धर्म और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर संवाद शुरू कर दिया है।



भारत जैसे विविधताओं वाले देश में हर नागरिक को अपने धर्म और परंपराओं का पालन करने का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन इसके साथ-साथ यह भी जरूरी है कि धार्मिक गतिविधियों के दौरान सार्वजनिक व्यवस्था, ट्रैफिक, आम नागरिकों की सुविधा और सामाजिक शांति का ध्यान रखा जाए। कई सामाजिक और धार्मिक विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी धर्म की मूल भावना दूसरों को असुविधा पहुंचाने की नहीं होती, बल्कि भाईचारे और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने की होती है।

कई मुस्लिम बुद्धिजीवियों और धार्मिक विद्वानों ने कहा है कि इस्लाम में इंसानियत, पड़ोसियों के अधिकार और सामाजिक संतुलन को विशेष महत्व दिया गया है। उनका कहना है कि धार्मिक इबादत के लिए मस्जिदें, ईदगाहें और अन्य निर्धारित स्थान सबसे उपयुक्त हैं। यदि विशेष अवसरों पर भीड़ अधिक हो जाए, तो प्रशासन और समाज मिलकर वैकल्पिक व्यवस्था बना सकते हैं ताकि किसी को परेशानी न हो। उनका यह भी कहना है कि सार्वजनिक रास्तों को लंबे समय तक बाधित करना किसी भी समाज के लिए उचित नहीं माना जा सकता।

दूसरी ओर, कई लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि देश में कांवड़ यात्राएं, शोभायात्राएं और अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी सड़कों पर आयोजित होते हैं, जिनसे ट्रैफिक और आम जीवन प्रभावित होता है। ऐसे में सभी समुदायों के लिए समान नियम और संतुलित व्यवस्था जरूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रशासन को किसी एक धर्म विशेष के बजाय सभी धार्मिक आयोजनों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करने चाहिए ताकि विवाद की स्थिति पैदा न हो।

सामाजिक विश्लेषकों का मानना है कि धार्मिक मुद्दों को राजनीतिक रंग देने से समाज में अनावश्यक तनाव बढ़ता है। कुछ नेताओं के तीखे और भड़काऊ बयान माहौल को और संवेदनशील बना देते हैं। ऐसे समय में जिम्मेदार नेतृत्व और संयमित भाषा की आवश्यकता होती है। कई मुस्लिम संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने भी अपील की है कि धार्मिक मामलों को राजनीति का माध्यम न बनाया जाए और समाज में भाईचारा बनाए रखा जाए।

इसी बीच कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने साझा संस्कृति और आपसी सम्मान को मजबूत करने पर जोर दिया है। उनका कहना है कि भारत की असली ताकत उसकी विविधता और सह-अस्तित्व की परंपरा में है। विभिन्न समुदायों ने सदियों से मिल-जुलकर इस देश की संस्कृति को समृद्ध बनाया है। ऐसे में किसी भी प्रकार की कट्टरता या टकराव की राजनीति देशहित में नहीं मानी जा सकती।

इतिहास भी इस बात का गवाह है कि कई धार्मिक और सामाजिक नेताओं ने समय-समय पर सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता दी। विभिन्न मुस्लिम विद्वानों और संस्थाओं ने भी हमेशा यह संदेश दिया है कि दूसरे धर्मों की भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। इसी भावना के तहत कई स्थानों पर मुस्लिम समुदाय ने स्थानीय परिस्थितियों और सामाजिक समरसता को ध्यान में रखते हुए फैसले लिए हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि आज के दौर में सबसे अधिक जरूरत संवाद और समझदारी की है। सोशल मीडिया और राजनीतिक बयानों के कारण छोटी बातें भी बड़े विवाद का रूप ले लेती हैं। ऐसे में समाज के सभी वर्गों को जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करना होगा। धार्मिक स्वतंत्रता और कानून व्यवस्था के बीच संतुलन बनाना ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान है।

भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और हर व्यक्ति से अपेक्षा करता है कि वह दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का सम्मान करे।

जब कोई व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में आता है, तो उसकी पहचान सबसे पहले एक जिम्मेदार भारतीय नागरिक के रूप में होती है। इसलिए जरूरी है कि धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर देश की एकता, सामाजिक शांति और विकास को प्राथमिकता दी जाए।

आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज में संवाद, सहिष्णुता और संवेदनशीलता को बढ़ावा दिया जाए। यदि सभी समुदाय एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए आगे बढ़ें, तो भारत की एकता और मजबूत होगी तथा देश विकास और सौहार्द की दिशा में और तेजी से आगे बढ़ सकेगा।

# बदलनी होगी उर्वरक उपयोग की रीति-नीति



प्रधानमंत्री मोदी ने बीते दिनों किसानों से आह्वान किया कि वे यूरिया और डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कम से कम आधे की कटौती करें और अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती करें। इस अपील के पर्यावरणीय ही नहीं, अपितु आर्थिक निहितार्थ भी हैं। भारत उर्वरकों पर भारी-भरकम राशि खर्च करता है और उसकी बहुलांश खरीदारी विदेश से होती है। अभी विदेशी उर्वरक की खरीद मुश्किल और बेहद महंगी हो गई है, जिससे संकट कहीं ज्यादा बढ़ गया है। इसलिए उर्वरकों के उपभोग का रवैया बदलना ही होगा।

भारत में किसान 45 किग्रा यूरिया का एक बैग 266 रुपये में खरीदता है, जबकि इसकी वास्तविक कीमत करीब 4,000 रुपये होती है। इसकी बिक्री पर होने वाले घाटे की भरपाई सरकार खुद करती है। इसी सरकारी सब्सिडी के चलते किसान के लिए खेती की लागत नियंत्रित रहती है। मुश्किल यह है कि सरकार के लिए अब यह खर्च इतना ज्यादा बढ़ गया है कि उसे वहन करना काबू से बाहर जा रहा है। वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार ने 1.7 लाख करोड़ रुपये केवल उर्वरक सब्सिडी पर खर्च किए और इस साल यह खर्च कहीं ज्यादा बढ़ेगा। इतनी विशाल राशि से तो बड़े पैमाने पर सिंचाई के लिए नहर, ग्रामीण सड़कों या स्कूलों का निर्माण किया जा सकता है। पश्चिम एशिया में छिड़ी जंग और उर्वरक आपूर्ति के एक प्रमुख जलमार्ग होर्मुज में गतिरोध से चरमराई आपूर्ति के चलते भारत को इस समय विदेशी बाजार से 959 डालर प्रति टन की दर पर यूरिया खरीदना पड़ रहा है। ये दरें दो महीनों के अंतराल में लगभग दोगुनी बढ़ गई हैं। इस दर पर 25 लाख टन का कोई आर्डर एक ही झटके में साल भर के आयात का एक चौथाई हिस्सा खर्च कर देगा।

सब्सिडी से उपजी समस्या का एक पहलू यह भी है कि सस्ता मिलने से किसान उर्वरकों का आवश्यकता से अधिक उपयोग करते हैं। विज्ञानियों की अनुशंसा के अनुसार तीन मुख्य पादप पोषक तत्वों नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम का 4:2:1 के अनुपात में ही संतुलित उपयोग करना चाहिए। जबकि भारतीय खेतों में यह अनुपात सामान्यतः 11:4:1 का होता है। यानी यूरिया का अतिरेक और शेष का अत्यल्प उपयोग। केंद्रीय उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा का भी कहना है कि जहां दो बैग की जरूरत है, वहां किसान चार बैग उर्वरक उपयोग करते हैं। यह अतिरिक्त यूरिया फसल के लिए उपयोगी नहीं होता। इसका एक तिहाई हिस्सा ही पौधे अवशोषित कर पाते हैं और शेष या तो घातक ग्रीनहाउस गैसों के रूप में उत्सर्जित हो जाता है या भूजल में घुल जाता है। सस्ता यूरिया मिट्टी के साथ ही पानी को भी दूषित कर रहा है।

एक समस्या रिसाव की भी है। जब कोई वस्तु वास्तविक मूल्य से कम पर बिकती है तो उसके दुरुपयोग की आशंका कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। सरकारी आकलन के अनुसार करीब 20 प्रतिशत उर्वरक बैग कालाबाजारी की भेंट चढ़ जाते हैं। ये बैग या तो उन उद्योगों तक पहुंचाए जाते हैं, जहां यूरिया का उपयोग एक औद्योगिक रसायन के रूप में होता है या फिर तस्करी के जरिये विदेश, जहां उनकी ऊंची कीमत मिलती है। इस तरह किसानों के लिए खर्च की जाने वाली राशि गलत हाथों में पहुंचती है। नीम कोटेड यूरिया ने रिसाव की इस समस्या पर कुछ अंकुश तो लगाया है, पर गड़बड़ी की कुछ गुंजाइश अभी भी कायम है।

इस दिशा में सुधार के उपायों की बात करें तो एक उपाय किसानों को सीधे नकदी प्रदान करने का हो सकता है। उर्वरक बैग को सस्ता बेचने के बजाय सरकार जोत के आकार और भूमि की गुणवत्ता के आधार पर यूरिया की आवश्यकता को चिह्नित करते हुए आवश्यक राशि सीधे किसानों के खाते में भेजे। आधार पहचान पत्र, सभी तक बैंकिंग की पहुंच और मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सहायता से इसे सहजता के साथ संभव बनाया जा सकता है।

इससे किसानों को अपेक्षित सहायता भी मिलती रहेगी और रिसाव भी रुकेगा। दूसरा उपाय यह हो सकता है कि यूरिया की कीमत को उसके वास्तविक स्तर तक बढ़ने दिया जाए।

266 रुपये और 4,000 रुपये के बीच का यह भारी-भरकम अंतर ही लोगों को यूरिया की कालाबाजारी के लिए उकसाता है। कीमतें बढ़ने से मुनाफाखोरी की प्रवृत्ति पर लगाम लगेगी तो किसान भी किफायत से इसके उपयोग को उन्मुख होंगे। वास्तविक लाभार्थी के रूप में किसानों के खातों में मिलने वाली नकदी से खरीद में समस्या भी नहीं आएगी। इस क्रम में तीसरा उपाय यह हो सकता है कि यूरिया को भी अन्य उर्वरकों की दृष्टि से देखा जाए।

वर्ष 2010 से फास्फोरस और पोटेशियम उर्वरकों को अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत व्यवस्था के तहत नियंत्रित किया जा रहा है, जिसमें सब्सिडी का पहलू इस इस बात पर निर्भर करता है कि उस बैग में पोषक तत्व की मात्रा कितनी है। यूरिया को इस व्यवस्था से बाहर रखा गया। यही एकमात्र अपवाद था, जिसने किसानों को यूरिया का आवश्यकता से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। यूरिया को भी इसी समान व्यवस्था के दायरे में लाने से मिट्टी के पोषण संतुलन को फिर से बहाल करने में भी मदद मिलेगी। चौथा उपाय कारगर तरीकों की सराहना से जुड़ा है। अभी सरकार केवल पारंपरिक दानेदार यूरिया पर ही सब्सिडी देती है, भले ही पत्तियों पर छिड़का जाने वाला तरल यूरिया उसकी तुलना में कहीं बेहतर तरीके से अवशोषित होता हो और उसकी बर्बादी भी बहुत कम होती हो। ऐसे में, सब्सिडी के लिए किसी पुरानी या पारंपरिक परिपाटी के बजाय प्रभावी नई परंपरा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

पिछले 40 वर्षों से विशेषज्ञ समितियां इसी प्रकार के सुधारों की सिफारिश करती रही हैं, लेकिन उन्हें उपेक्षित ही किया जाता रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यदि एक बार कोई वस्तु सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जाने लगे तो उस व्यवस्था को पलटना बहुत मुश्किल होता है। हालांकि हाल के संकट ने इससे जुड़ा पूरा गणित ही बिगाड़ दिया है। याद रहे कि जब कोई उत्पाद दुर्लभ और महंगा हो जाता है तो उसके उपभोग की रणनीति बदलनी ही पड़ती है। प्रधानमंत्री ने इस समस्या को रेखांकित कर दिया है और उसके समाधान की राह भी सामने है, लेकिन यह राह बहुत लंबे समय तक खुली नहीं रहेगी।



संक्षिप्त न्यूज

## मलारी के कैप्टन राजेश मैहता की अकेडमी में तराशे गए 10 युवा सेना में भर्ती



**बरठी, 26 मई ( देशराज )** – क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि मलारी गांव के कैप्टन राजेश मैहता की निशुल्क हैंडबॉल अकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त 10 युवाओं का चयन भारतीय सेना में हुआ है। सेना भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई तथा ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

कैप्टन राजेश मैहता ने बताया कि उनकी अकेडमी के पिछले क़ल ही आए परिणाम में 10 बच्चे सेना में भर्ती हुए हैं, जबकि पिछले सात वर्षों से 35 युवा उनकी अकेडमी से सेना में भर्ती हो चुके हैं। जिनमें कुछ का चयन जीडी तथा कुछ का आर्मी क्लर्क पद पर हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बेहद गर्व और खुशी के पल हैं।

उन्होंने बताया कि सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद से ही वे पिछले सात वर्षों से मलारी गांव में निशुल्क हैंडबॉल अकेडमी का संचालन कर रहे हैं। स्वयं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रह चुके मैहता द्वारा मैदान में तराशे गए दर्जनों खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बना चुके हैं। कैप्टेन राजेश मैहता सामाजिक सरोकारों से जुड़े व्यक्तित्व के रूप में भी जाने जाते हैं। समाज के हर वर्ग के साथ खड़ा होना उनके स्वभाव का हिस्सा है। अब उनके शिष्य भी देश सेवा के पथ पर आगे बढ़कर भारतीय सीमाओं की रक्षा करेंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में गौरव का माहौल है।

## घुमारवीं की ग्राम पंचायत सेऊ में स्थापित पिंक मतदान केंद्र में 113 वर्षीय मंगलू देवी ने किया मतदान



**बिलासपुर( जितेंद्र गौतम )**– जिला बिलासपुर में पंचायती राज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव में आज मतदाताओं ने बढ़–चढ़ कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदाता प्रात: काल से ही मतदान केंद्रों के बाहर लंबी–लंबी कतारों में मतदान करने के लिए उत्साहित नजर आए। जिला बिलासपुर में दोपहर 1 बजे तक लगभग 61 प्रतिशत मतदान दर्ज हो चुका है।

जिला के घुमारवीं विकास खंड की ग्राम पंचायत सेऊ के अंतर्गत स्थापित पिंक बूथ में 113 वर्षीय मंगलू देवी ने अपने मताधिकार इस्तेमाल किया। गांव भदरोग निवासी मंगलू देवी मतदान करने के लिए अन्य परिजनों के साथ मतदान केंद्र पहुंची थी। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने मंगलू देवी के इस जज्बे की सराहना की तथा कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में उनकी भागीदारी न केवल दूसरे मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करेगी बल्कि युवाओं के लिए वह एक प्रेरणा स्त्रोत भी बनी हैं।

## महाधिवक्ता ने 60 नवप्रवेशी अधिवक्ताओं को दिलवाई शपथ

**शिमला ( बी. शर्मा )**– हिमाचल प्रदेश के वर्तमान महाधिवक्ता अनूप कुमार रत्न ने आज आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 60 नवप्रवेशी अधिवक्ताओं को शपथ दिलवाई तथा उन्हें प्रैक्टिस सर्टिफिकेट वितरित किए। इस अवसर पर न्यायिक गरिमा, संविधान के प्रति निष्ठा तथा विधिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाधिवक्ता अनूप कुमार रत्न ने कहा कि अधिवक्ता केवल कानून के जानकार ही नहीं होते, बल्कि समाज में न्याय व्यवस्था को मजबूत करने वाले महत्वपूर्ण स्तंभ भी हैं। उन्होंने नव अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने पेशे में ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि एक सफल वकील वही होता है जो सत्य, नैतिकता और न्याय के मार्ग पर चलते हुए समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करे।

उन्होंने कहा कि वकालत केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का भी एक महत्वपूर्ण दायित्व है। अधिवक्ताओं को अपने व्यवहार और कार्यशैली से न्यायपालिका की गरिमा को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आधुनिक कानूनों और तकनीकी बदलावों की जानकारी निरंतर प्राप्त करते रहने का भी आह्वान किया, ताकि वे बदलते समय के अनुरूप अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान नव अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सभी अधिवक्ताओं ने विधि व्यवसाय में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित सदस्य आई. एन. महता, संजीव भूषण, विकास राठौर, तेजस्वी शर्मा, नरेंद्र गुलेरिया, राजीव राय, रंजना पटियाल, वीरबहादुर वर्मा, संजीव सूरी, विक्रांत चंदेल तथा तरुण पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी तथा बार एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद रहे।



# पट्टा ब्लॉक की नौ पंचायतों में पहले चरण का मतदान हुआ पूरा; 83 प्रतिशत हुआ मतदान



**» प्रथम न्यूज । पट्टा मेहलोग**
**26 मई ( तारा )**

पंचायती राज चुनावों के तहत मंगलवार को विकास खंड पट्टा की गुल्लरवाला, भटोलीकलां, सौड़ी, साईं, हरिपुर संधोली, बड़लग, जाड़ला, घड़सी तथा जगजीतनगर पंचायतों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। चुनाव प्रक्रिया के दौरान विकास खंड पट्टा के खंड विकास अधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी कुलदीप सिंह ने हरिपुर सांडोली, गुल्लरवाला, भाटोलीकलां, साईं तथा सौड़ी पंचायतों के विभिन्न मतदान केंद्रों का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, मतदान प्रक्रिया, पेयजल, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने हेतु पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। प्राप्त सूचना के अनुसार ब्लॉक की पहले चरण में 9 पंचायतों में 82.84 प्रतिशत मतदान हुआ है जिनमें सबसे अधिक गुल्लरवाला पंचायत में 91 प्रतिशत व सबसे कम जगजीतनगर में 59 प्रतिशत मतदान हुआ।

इसके अतिरिक्त बीडीओ कुलदीप सिंह ने बताया कि उन्होंने मतदान से एक दिन पूर्व बड़लग, जाड़ला, घड़सी तथा जगजीतनगर पंचायतों के मतदान केंद्रों का भी दौरा कर चुनाव तैयारियों का निरीक्षण किया था तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए थे। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला तथा पूरे दिन मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में जारी रही।




# कांग्रेस सरकार ने मुख्य सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद का बनाया मजाक : राकेश जमवाल

**4-5 दिन के लिए नियमित नियुक्ति देना प्रशासनिक अस्थिरता का प्रमाण : भाजपा**

**» प्रथम न्यूज । शिमला**
**26 मई ( बी.शर्मा )**



भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश में महत्वपूर्ण प्रशासनिक नियुक्तियों का मजाक बनाकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय गुप्ता को केवल 4–5 दिनों के लिए नियमित मुख्य सचिव नियुक्त करना सरकार की कार्यशैली और प्रशासनिक अस्थिरता को दर्शाता है।

राकेश जमवाल ने कहा कि संजय गुप्ता पिछले लगभग एक वर्ष से अतिरिक्त कार्यभार के रूप में एक्टिंग चीफ सेक्रेटरी की जिम्मेदारी निभा रहे थे और अब सेवानिवृत्ति से ठीक पहले उन्हें नियमित मुख्य सचिव नियुक्त करना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार तानाशाही रवैये से काम कर रही है और सरकारी अधिकारियों पर दबाव बनाकर फैसले लिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार को प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की चिंता नहीं है, बल्कि राजनीतिक हितों के आधार पर फैसले लिए जा रहे हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि इतने महत्वपूर्ण पद पर अल्पकालिक नियुक्ति प्रशासनिक व्यवस्था का अपमान है और इससे अधिकारियों के मनोबल पर भी प्रभाव पड़ता है।

राकेश जमवाल ने कहा कि संजय गुप्ता की नियुक्ति उस समय की गई है जब उनके खिलाफ विभिन्न विवाद और आरोप सार्वजनिक चर्चा का विषय बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि चेस्टर हिल मामले में उन पर गंभीर आरोप लगे हैं तथा इस विषय को लेकर लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति को लेकर हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की गई है। याचिका में यह आरोप लगाए गए हैं कि संजय गुप्ता के खिलाफ पहले से एफआईआर दर्ज हैं और विजिलेंस क्लियरेंस से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए हैं। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने प्रदेशहित और प्रशासनिक पारदर्शिता की बजाय अपने राजनीतिक एजेंडे को प्राथमिकता दी।

भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रशासनिक निर्णयों में पारदर्शिता समाप्त हो चुकी है और सरकार हर स्तर पर केवल अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सब देख रही है और आने वाले समय में कांग्रेस सरकार को इसका जवाब देना पड़ेगा।

# अजेय और प्रशांत की कविताओं में महाकाव्य के गुण और प्रेम की ऊर्जा

**शिमला में दोनों कवियों के संग्रहों का हुआ लोकार्पण**

**» प्रथम न्यूज । शिमला**
**26 मई ( बी.शर्मा )**

प्रख्यात कवि एवं आलोचक प्रो सत्यपाल सहगल ने कहा है कि हिमाचल में आदिवासी समाज से आई कविता का प्रतिनिधित्व लाहौल के प्रतिष्ठित कवि अजेय करते हैं। वे शिमला के गेटी में अजेय के कविता संग्रह इन सपनों को कौन गाएगा और चम्बा के कवि प्रशांत रमण रवि के कविता संग्रह मैने प्रेम चुना के लोकार्पण के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन आधार प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड तथा हिमालय साहित्य संस्कृति पर्यावरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राकेश कंवर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। प्रो सहगल ने कहा कि अजेय का यह संग्रह महाकाव्यात्मकता के गुण लिए हुए है और उनकी कविताओं का मिज़ाज़ और विषय वस्तु हिंदी की शेष आदिवासी कविता से जुदा है। प्रशांत रवि के बारे में उन्होंने कहा कि उनकी कविताओं ने प्रेम के अलावा सामाजिक जीवन के विभिन्न आयामों का भी चित्रण किया है।

मुख्य अतिथि राकेश कंवर जी ने अपने उद्बोधन में कहा, अजेय की अपनी माँ के बारे में कविताएं अद्भुत रूप से मर्मस्पर्शी कविताएं हैं। माता – पिता के नहीं रहने के बाद जब आप उनके होने को मिस करते हैं तब आपको लगता है कि और बेहतर तरीके से उनके साथ रह सकते थे...

प्रशांत के बारे में उन्होंने कहा, नौजवान दो तरह से कवि हो सकता है, एक वो जो प्यार में हैऔर एक वो जो विद्रोही है। प्रशांत प्रेम वाले कवि हैं। वरिष्ठ लेखिका मीनाक्षी एफ पॉल और कुल्लू से आईं सुप्रसिद्ध लेखिका इशिता आर गिरीश ने दोनों कवियों पर आलोचनात्मक लेख पढ़े। शोधार्थी नेहा शर्मा ने दोनों कविता संग्रहों से कविताओं का पाठ किया। इस अवसर पर कई साहित्यकर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का मंच संचालक प्रोफेसर श्रवण कुमार तथा दीप्ति सारस्वत ने किया। अतिथियों का स्वागत आधार के निदेशक देश निर्मोही और धन्यवाद औपचारिक अभिनंदन करते समय आधार प्रकाशन के संस्थापक देश निर्मोही ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे में और आधार प्रकाशन की योजनाओं के बारे में सभी को अवगत करवाया तथा वर्ष 2026 के आधार सम्मान के लिए वरिष्ठ कथाकार 'योगेन्द्र आहूजा' के नाम की घोषणा की। कार्यक्रम में युवा शोधार्थी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय नेहा शर्मा ने दोनों कवियों की पुस्तकों में से कविताओं का सुंदर पाठ किया। अवसर पर हिमालय सहित्य संस्कृति पर्यावरण मंच के संस्थापक एस. आर. हरनोट ने सभी का धन्यवाद किया।





# उपायुक्त राहुल कुमार ने विभिन्न पंचायतों के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**» प्रथम न्यूज । बिलासपुर**
**26 मई ( जितेंद्र गौतम )**



जिला बिलासपुर में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के प्रथम चरण में आज 62 ग्राम पंचायतों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने श्री नैना देवी जी विकास खंड की ग्राम पंचायत टाली जगात खाना, सदर विकास खंड की ग्राम पंचायत बामटा तथा घुमारवीं विकास खंड की ग्राम पंचायत पट्टा तथा सेऊ के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, मतदाताओं की सुविधा, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा मतदान प्रक्रिया से संबंधित प्रबंधों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मतदान प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुचारू ढंग से संपन्न करवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उपायुक्त ने घुमारवीं विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पट्टा तथा सेऊ में स्थापित पिंक मतदान केंद्रों का भी दौरा किया। इन मतदान केंद्रों का संपूर्ण संचालन महिला कर्मियों द्वारा किया गया। यहां पर मतदाताओं को बैठने के लिए बेहतर प्रबंध, पेयजल आपूर्ति, शौचालय के साथ–साथ छोटे बच्चों के लिए खेलने की व्यवस्था भी की गई थी। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के माध्यम से हेल्थ चेकअप के लिए महिला स्वास्थ्य कर्मियों को भी तैनात किया गया था। मतदाताओं के लिए यहां पर सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किये गए थे। पिंक मतदान केंद्रों में मतदाताओं विशेषकर युवाओं ने उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया।

उन्होंने मतदान प्रक्रिया में भाग लेने वाले मतदाताओं, चुनाव कर्मियों एवं सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से पंचायतीराज संस्थाओं के आगामी चरणों 28 और 30 मई को भी बढ़–चढ़कर मतदान करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को प्रशासन की ओर से सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य मतदाताओं को लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना तथा वरिष्ठ नागरिकों के योगदान का सम्मान करना रहा।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, बीडीओ घुमारवीं अभिषेक शर्मा, सीडीपीओ घुमारवीं रंजना शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे

# पंचायतीराज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव में जिला बिलासपुर की 62 ग्राम पंचायतों में हुआ 75.61 प्रतिशत मतदान

**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– जिला बिलासपुर की पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के पहले चरण में आज कुल 75.61 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। जिनमें सबसे अधिक मतदान श्री नैना देवी जी विकास खण्ड में 80.45 प्रतिशत जबकि सबसे कम मतदान घुमारवीं विकास खण्ड में 71.76 प्रतिशत दर्ज हुआ है। पहले चरण में महिला मतदाताओं की भागीदारी 79.23 प्रतिशत और पुरुषों की 72.04 प्रतिशत दर्ज हुई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिला की पंचायती राज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव में जिला की 62 ग्राम पंचायतों, जिनमें विकास खण्ड सदर बिलासपुर की 17 पंचायतें, घुमारवीं की 21, श्री नैना देवी जी की 09 तथा झण्डुता विकास खण्ड की 15 ग्राम पंचायतें शामिल है में आज प्रात: 7 बजे से सांय 3 बजे तक मतदान करवाया गया। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड सदर बिलासपुर के कुल 17 पंचायतों में 78.86 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। इसी तरह जहां विकास खण्ड घुमारवीं के कुल 21 पंचायतों में 71.76 प्रतिशत मतदान हुआ तो वहीं विकास खण्ड श्री नैना देवी जी के कुल 09 पंचायतों में 80.45 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि विकास खण्ड झंडूता के कुल 15 ग्राम पंचायतों में 75.16 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है।

# अमरनाथ यात्रा में भंडारे हेतु बैठक का आयोजन

**» प्रथम न्यूज । बद्दी**
**26 मई ( गुरजीत सिंह )**



शिव गौरी सिद्ध सेवा मण्डल बद्दी द्वारा ऐतिहासिक अमरनाथ यात्रा में 26वां भंडारा लगाने के लिए मंगलवार को बद्दी में प्रधान रामलोक चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान रामलोक चौधरी ने बताया कि ऐतिहासिक अमरनाथ यात्रा इस बार 3 जुलाई से शुरू होने जा रही है जिसमे संस्था इस बार 26वां भंडारा लगाने जा रही है। यह भंडारा अमरनाथ में पवित्र गुफा से 14 किलोमीटर पहले दोमेल बालटाल में लगाया जाएगा।

जो 3 जुलाई से शुरु होकर यात्रा समाप्ति तक चलेगा। जिसके लिए यह बैठक बुलाई गई है। बैठक में भंडारे में खाने, पीने, ठहरने, शौचालय, रात्रि विश्राम आदि सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पहले की अपेक्षा अधिक सुविधाएं देने पर बल दिया गया। रामलोक चौधरी ने बताया कि भंडारा लगाने की स्वीकृति जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा ली जा रही है। जिसमें तमाम उनके दिशा निर्देशों का पालन कर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहां बपर शेड आदि स्थापित करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई। सेवादारों के पहचान पत्र बनाये जा रहे है। संस्था द्वारा इस दौरान श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं देने पर बल दिया जाएगा। और शीघ्र ही सामान की खरीद फरोख्त भी शुरू कर दी गई है। राम लोक ने बताया कि वहां ओर देश के विभिन्न राज्यों से करीब 5 दर्जन से अधिक लंगर लगाए जाते है। लेकिन हिमाचल प्रदेश का यह इकलौता लंगर है। और पिछले 26 वर्षों से लगातार लगाया जा रहा है। इस अवसर पर बैठक में संस्था के चेयरमैन लालां हरविलास जिंदल, प्रधान रामलोक चौधरी, तरक्की लाल कौशल, मनोज कौशल, शाम लालां चौहान और कुणाल चावला सहित अन्य संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रथम चरण में 83.05 प्रतिशत मतदान के साथ विकास खंड नालागढ़ की 26 पंचायतों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

**» प्रथम न्यूज । नालागढ़**
**26 मई ( गुरजीत सिंह )**

निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपमंडलाधिकारी नालागढ़ नरेंद्र आहलूवालिया ने जानकारी देते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन–2026 के अंतर्गत प्रथम चरण में विकास खंड नालागढ़ की 26 ग्राम पंचायतों में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बढ़–चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



उन्होंने बताया कि विकास खण्ड नालागढ़ की 26 ग्राम पंचायतों में कुल 43299 मतदाताओं में से 36156 ने मतदान किया। कुल 22161 पुरुष मतदाताओं में से 18083 तथा कुल 21138 महिला मतदाताओं में से 18073 ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड नालागढ़ में कुल मत प्रतिशत 83.5 दर्ज किया गया। इनमें पुरुष मतदाताओं का मत प्रतिशत 81.6 तथा महिला मतदाताओं का मत प्रतिशत 85.5 दर्ज किया गया, जो महिला मतदाताओं की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है।

निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र अहलूवालिया ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई थी। उन्होंने स्वयं भी विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर समय–समय पर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई, जो क्षेत्र की शांतिप्रियता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति लोगों की जागरूकता को दर्शाता है। उन्होंने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में प्रशासन, पुलिस विभाग, पोलिंग पार्टियों तथा अन्य संबंधित कर्मचारियों के योगदान की सराहना की।

इसके साथ ही उन्होंने 28 एवं 30 मई 2026 को आयोजित होने वाले दूसरे एवं तीसरे चरण के मतदान के लिए भी मतदाताओं से लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए बढ़–चढ़कर मतदान करने का आग्रह किया।

# रजत पाटीदार के तूफान से लगातार दूसरी बार फाइनल में RCB

आईपीएल 2026 को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रूप में पहली फाइनलिस्ट टीम मिल गई है। रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली आरसीबी ने मंगलवार को धर्मशाला में खेले गए पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस को 92 रन से मात दी। गत चैंपियन आरसीबी ने लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में प्रवेश किया।

गुजरात टाइटंस अभी लीग से बाहर नहीं हुआ है। शुभमन गिल के नेतृत्व वाली जीटी के पास फाइनल में पहुंचने का एक और मौका है। उसे अब दूसरे क्वालीफायर में एलिमिनेटर विजेता से भिड़ना होगा।

बता दें कि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। आरसीबी ने कप्तान रजत पाटीदार (93*) की तूफानी पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 254 रन बनाए। आईपीएल प्लेऑफ में यह सबसे बड़ा स्कोर रहा। जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 19.3 ओवर में 162 रन पर ढेर हो गई।

**पावरप्ले में आधी टीम आउट**

255 रन के हिमालयीन स्कोर का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरूआत खराब रही। जैकब डफी द्वारा किए पारी के तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर साई सुदर्शन (14) दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से हिटविकेट आउट हुए। अगले ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने गुजरात के कप्तान शुभमन गिल (2) को क्लीन बोल्ड कर दिया।

बटलर (29) ने आक्रामक तेवर दिखाए, लेकिन जोश हेजलवुड की धीमी गति की गेंद पर चकमा खाकर वो क्लीन बोल्ड हुए। दो गेंद के बाद रसिख सलाम ने निशांत सिंधू (5) का कैच अपनी ही गेंद पर लपका। सलाम ने जेसन होल्डर को शिकार बनाकर गुजरात की कमर तोड़ दी।





**बेबस नजर आई गुजरात टाइटंस**

पावरप्ले में पांच विकेट गंवाने वाली गुजरात टाइटंस की टीम आरसीबी के सामने बेबस नजर आई। वॉशिंगटन सुंदर (8) को डफी ने हेजलवुड के हाथों कैच आउट कराकर अपना दूसरा शिकार बनाया। राशिद खान (8) डफी के तीसरे शिकार बने। कगिसो रबाडा को कृणाल पांड्या (9) ने कोहली के हाथों कैच आउट कराया।

**तेवतिया ने की लड़ाई**

संकट में फंसी गुजरात टाइटंस की तरफ से राहुल तेवतिया ने लड़ाई की। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 43 गेंदों में 8 चौके और चार छक्के की मदद से 68 रन बनाए। यह तेवतिया का सर्वश्रेष्ठ आईपीएल स्कोर भी रहा। राहुल ने मोहम्मद सिराज के साथ 9वें विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी करके टीम को 150 रन के पार पहुंचाया।

भुवनेश्वर कुमार ने 19वें ओवर में तेवतिया की पारी पर विराम लगाया। कवर्स में आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने बाएं ओर हाथ फैलाकर कैच लपका। इसके बाद कृणाल पांड्या ने आखिरी ओवर में मोहम्मद सिराज को टिम डेविड के हाथों कैच आउट कराकर गुजरात की पारी का अंत किया।

आरसीबी की तरफ से जैकब डफी ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। भुवनेश्वर कुमार, कृणाल पांड्या और रसिख सलाम को दो-दो विकेट मिले। जोश हेजलवुड के खाते में एक विकेट आया।

**दुनिया ने देखा धर्मशाला स्टेडियम का अद्भुत नजारा**

इनिंग ब्रेक के दौरान धर्मशाला स्टेडियम में वंदे मातरम की धुन बजी। इस दौरान स्टेडियम में दो लड़कियों ने हाथों में वायलन लेकर वंदे मातरम की धुन बजाई। इस नजारे को स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने अपने मोबाइल फोन में कैद किया। वहीं इस दौरान लगातार आतिशबाजी भी होती रही। इसके अलावा दर्शकों को बांटे गए बैंडों से भी रंग बिरंगी रोशनियों ने भी स्टेडियम को चार चांद लगा दिए। स्टेडियम में लेजर शो ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस लेजर को टीवी पर भी लाइव दिखाया गया।

लेजर शो में एचपीसीए, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स, आरसीबी और गुजरात टाइटंस का लोगो भी देखा गया। इसके अलावा आईपीएल की ट्राफी को भी इस लेजर शो के माध्यम से बताया गया।

## RCB ने रिकॉर्ड्स बुक को किया तितर-बितर, बना डाला IPL प्लेऑफ इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 254 रन बनाकर आईपीएल के प्लेऑफ इतिहास में एक अविश्वसनीय रिकॉर्ड अपने नाम किया।

आरसीबी ने मंगलवार को धर्मशाला के खूबसूरत हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर आईपीएल 2026 के पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बनाए।

आरसीबी ने इस तरह आईपीएल के प्लेऑफ इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया।

इससे पहले यह रिकॉर्ड गुजरात टाइटंस के नाम दर्ज था, जिन्होंने 2023 में अहमदाबाद में मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में 233/3 का स्कोर बनाया था।







## भारत दौरे के लिए अफगानिस्तान की वनडे और टेस्ट टीम का एलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

बाएं हाथ के बल्लेबाज हसमतुल्लाह शाहिदी को मंगलवार को अफगानिस्तान की उस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जो भारत दौरे पर एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलने आएगी।

भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट छह से 10 जून के बीच न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। इसके बाद 12 जून से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी।

### इन लोगों को मिली जगह

वनडे टीम में राशिद खान, रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान जैसे खिलाड़ी हैं तो टेस्ट टीम में अनुभव के साथ-साथ युवा जोश भी है। टीम में रहमत शाह, गुरबाज और अजमुल्लाह ओमरजई को मौका दिया गया है। विकेटकीपर अफसर जाजई और इकराम अलीखिल को टीम में चुना गया है। वहीं स्पिन विभाग की जिम्मेदारी शरफुद्दीन अशरफ और कैस अहमद के जिम्मे होगी। बिलाल समी, जिया शरिफी और सलामी सैफी तेज गेंदबाजी आक्रमण संभालेंगे।

### वनडे में अलग संयोजन

टेस्ट के मुकाबले अफगानिस्तान ने वनडे में अलग संयोजन चुना है। टीम में अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी और राशिद खान की वापसी हुई है। इब्राहिम जादरान और सेदीकुल्लाह अटल के अलावा दरविश रसूली पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी है। वनडे टीम में युवा स्पिनर गजनफर को मौका मिला है।

## कगिसो रबाडा की रफ्तार से कांप गई रिकॉर्ड्स बुक, मोहम्मद शमी का कीर्तिमान हुआ चकनाचूर



गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने मंगलवार को अपना नाम आईपीएल की रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया है। रबाडा ने धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पावरप्ले में विकेट निकालकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज आईपीएल के एक सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने वेंकटेश अय्यर को अपना शिकार बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। आईपीएल 2026 में रबाडा ने पावरप्ले में 18 शिकार किए। बता दें कि रबाडा ने ऑफ स्टंप लाइन पर बैक ऑफ द लेंथ गेंद डाली, जिस पर अय्यर के बल्ले का ऊपरी किनारा लगा। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने मिड ऑफ से पीछे दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। अय्यर ने 7 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 19 रन बनाए।

**मोहम्मद शमी का रिकॉर्ड टूटा**

इस विकेट के साथ ही कगिसो रबाडा ने मोहम्मद शमी का रिकॉर्ड तोड़ा। शमी ने 2023 आईपीएल सीजन में पावरप्ले में 17 विकेट चटकाए थे।



# चंडीगढ़ के सभी शराब ठेकेदारों को DC की कड़ी चेतावनी

**शराब लंगर या सोशल मीडिया पर प्रमोशन भारी पड़ेगा, लाइसेंस रद्द, होंगे ब्लैकलिस्ट**



» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

26 मई ( पुनीत महाजन )

चंडीगढ़ से सामने आए एक मामले ने सभी को हैरान कर दिया। मामला था शराब के लंगर का। दरअसल चंडीगढ़ की सेक्टर-9 मार्केट में एक शराब की दुकान के बाहर ब्रांड प्रमोशन के नाम पर खुलेआम मुफ्त शराब परोसी गई।

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर भी इसकी खूब चर्चा हुई और लोगों ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दीं। लेकिन शराब विक्रेता और इस शराब लंगर के सभी आयोजकों को यह सब करना भारी पड़ गया है. इस पूरे मामले को लेकर चंडीगढ़ पुलिस और प्रशासन ने सख्त एक्शन लिया है और एक्साइज पॉलिसी के उल्लंघन के तहत स्न्ढ्ढक्रदर्ज कर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

**चंडीगढ़ DC ने सभी शराब लाइसेंस धारकों की बैठक बुलाई**

वहीं इधर चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर कम एक्साइज कमिश्नर निशांत यादव ने मंगलवार को शहर के सभी शराब लाइसेंस धारकों की एक अहम बैठक बुलाई।

इस बैठक में डीसी ने शराब लाइसेंस धारकों के साथ एक्साइज पॉलिसी के अनुपालन और नियमों के उल्लंघन पर समीक्षा की। इसके साथ ही हाल ही में सामने आए लंगर के तौर पर खुलेनाम शराब परोसने के मामले पर भी चर्चा की गई। डीसी ने बैठक में बताया कि खुले में शराब परोसे जाने और सोशल मीडिया पर इसे प्रसारित किए जाने का मामला गंभीरता से संज्ञान में लिया गया है और उक्त मामले में स्न्ढ्ढक्र दर्ज की जा चुकी है तथा संबंधित आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

**लाइसेंस रद्द, शराब ठेकेदारों होंगे ब्लैकलिस्ट**

DC निशांत यादव ने शहर के शराब ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी भी जारी की है और यह स्पष्ट कर दिया है कि खुले में शराब का लंगर लगाना या सोशल मीडिया पर शराब का प्रमोशन करना उन्हें भारी पड़ेगा। डीसी ने साफ तौर से कहा है कि किसी भी रूप में एक्साइज पॉलिसी के नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर एक्साइज पॉलिसी के नियमों का उल्लंघन होते हुए पाया जाता है तो एक्साइज विभाग किसी भी उल्लंघनकर्ता का लाइसेंस रद्द करने में हिचकिचाएगा नहीं तथा ऐसे दोषियों को भविष्य की अलॉटमेंट/लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं में भाग लेने से ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है।

# जालंधर के पेट्रोल पंप पर लगी आग

**इलाके में मची अफरा-तफरी**

**जालंधर ( एएम नाथ )**- जालंधर के रिहायशी मिट्ठू बस्ती इलाके से बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार गुरु अर्जन देव नगर स्थित ।।क्क्चरुके पेट्रोल पंप की छत पर पाइपों में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान पेट्रोल पंप के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने सूझबूझ दिखाते हुए आग बुझाने वाले यंत्र की मदद से आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों के अनुसार इससे पहले भी इसी पेट्रोल पंप पर एक बाइक में आग लगने की घटना हो चुकी है। घनी आबादी के बीच पेट्रोल पंप पर बार-बार हो रही घटनाओं को लेकर इलाके के लोग काफी डरे और सहमे हुए हैं। लोगों ने मांग की है कि इस पेट्रोल पंप को रिहायशी इलाके से हटाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे इस संबंध में डिप्टी कमिश्नर को मांग पत्र सौंपकर अपनी समस्या और सुरक्षा संबंधी चिंताओं से अवगत कराएंगे।

फिलहाल घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन हादसे के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।



# दिल्ली से ग्रीन सिग्नल

## गुरुवार को सिद्धारमैया का इस्तीफा और एक हफ्ते में नई सरकार

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

26 मई ( ब्यूरो )



कर्नाटक की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार सुबह मंत्रियों को ब्रेकफास्ट मीटिंग के लिए बुलाया है, जिसे सत्ता परिवर्तन की आखिरी तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, इसी दिन सिद्धारमैया इस्तीफा दे सकते हैं।

सूत्रों का कहना है कि अगर सब कुछ तय प्लान के मुताबिक होता है, तो करीब एक हफ्ते के भीतर नई सरकार का गठन हो सकता है। दिल्ली से मिले संकेतों के अनुसार डीके शिवकुमार का मुख्यमंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है, हालांकि उन्हें फिलहाल अपने समर्थकों को शांत रखने को कहा गया है।

नई सरकार में संतुलन साधने के लिए एक से ज्यादा डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, सिद्धारमैया के कई करीबी नेताओं को डिप्टी ष्टरूपद और अहम मंत्रालय दिए जाने की तैयारी है।

**सुरजेवाला की एंट्री, एक साथ दिखेंगे सिद्धारमैया-DKS**

कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला बुधवार दोपहर बेंगलुरु पहुंचेंगे। इसी दिन जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार एक साथ मंच पर नजर आएंगे।

इसे पार्टी यूनिटी शो के तौर पर देखा जा रहा है।

## हरियाणा सरकार ने अंशकालिक कर्मचारियों को दी बड़ी राहत



**चंडीगढ ( एएम नाथ )**- हरियाणा सरकार ने सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत अंशकालिक कर्मचारियों के परिवारों को बड़ी राहत देते हुए अनुकंपा वित्तीय सहायता योजना का दायरा बढ़ा दिया है। अब ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर अंशकालिक कर्मचारियों के आश्रित परिवारों को भी तीन लाख रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, पहले यह सुविधा केवल तदर्थ, दैनिक वेतनभोगी और संविदा कर्मचारियों तक सीमित थी, लेकिन अब अंशकालिक कर्मचारियों को भी योजना में शामिल कर लिया गया है। इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, संभागीय आयुक्तों, उपायुक्तों, उपमंडल अधिकारियों, विश्वविद्यालयों तथा विभिन्न बोर्डों और निगमों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि योजना का प्रभावी और सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

सरकार का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, खासकर उन परिवारों को जिनके कमाने वाले सदस्य की अचानक ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो जाती है। सरकार के इस फैसले से हजारों अंशकालिक कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## हरियाणा के टॉपर्स जाएंगे ISRO

**शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का बड़ा ऐलान**



**चंडीगढ ( एएम नाथ )**- हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़ा ऐलान किया है। सोमवार को पंचकूला स्थित शिक्षा सदन में उन्होंने बताया कि 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही चयनित छात्रों को Indian Space Research Organisation के विभिन्न केंद्रों का शैक्षणिक भ्रमण कराने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बजट में किए गए विशेष प्रावधान के तहत विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, सैटेलाइट तकनीक और रॉकेट प्रणाली की आधुनिक जानकारी दी जाएगी। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए तैयार इस योजना का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान, तकनीक और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाना है। योजना के तहत 2026 में 10वीं कक्षा के टॉप 100 विद्यार्थियों, चयनित शिक्षकों और अन्य मेधावी छात्रों को इसरो केंद्रों का भ्रमण कराया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में बेटियों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दीं।

# पानीपत से दौड़ेंगी 80 इलेक्ट्रिक बसें

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

26 मई ( एएम नाथ )

हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री 28 जून को पानीपत से इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत करेंगे।

इस दौरान प्रदेशभर के अलग-अलग जिलों के लिए करीब 80 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई जाएगी, जिनमें से 40 बसें अकेले पानीपत डिपो से संचालित होंगी।

नई इलेक्ट्रिक बसें पानीपत, सोनीपत, यमुनानगर, अंबाला, करनाल और रोहतक सहित कई जिलों में चलाई जाएंगी। इन बसों के शुरू होने से यात्रियों को भीषण गर्मी में एसी सुविधा के साथ आरामदायक सफर मिलेगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों और हजारों छात्र-छात्राओं को भी सीधा लाभ पहुंचेगा।



जीबीएम ग्रुप के इंजीनियर प्रतीक ने बताया कि 28 जून से हरियाणा में कुल 80 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। ये बसें विभिन्न जिलों के प्रमुख रूटों पर चलाई जाएंगी।

पानीपत रोडवेज डिपो के ट्रैफिक मैनेजर जयवीर सिंह के अनुसार, इलेक्ट्रिक बसों का संचालन सिंघु बॉर्डर, सोनीपत, गोहाना, सफीदों, करनाल, शामली, बापौली और बबैल समेत कई प्रमुख रूटों पर किया जाएगा। यात्रियों की संख्या और मांग को देखते हुए भविष्य में अन्य रूटों पर भी सेवाओं का विस्तार किया जा सकता है।

सरकार का मानना है कि इलेक्ट्रिक बस सेवा से न केवल प्रदूषण में कमी आएगी बल्कि यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सुविधा भी उपलब्ध होगी।

## एक नज़र

## कनाडा में नवजात का शव जंगल से बरामद, पंजाबी दंपती गिरफ्तार

*अस्पताल पहुंची महिला से खुला राज, दो दिन बाद मिला नवजात का शव*
*हैलिफैक्स में सनसनी : बच्चे की मौत मामले में पति-पत्नी पर केस दर्ज*



**हैलिफैक्स ( कनाडा ) ( ब्यूरो )**– कनाडा के हैलिफैक्स शहर में नवजात बच्चे की मौत का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने एक पंजाबी दंपती को गिरफ्तार किया है। घटना तब उजागर हुई जब 26 वर्षीय रमनदीप कौर को शुक्रवार रात गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों को पता चला कि महिला ने हाल ही में बच्चे को जन्म दिया है, लेकिन उसके साथ नवजात मौजूद नहीं था। महिला बच्चे के बारे में संतोषजनक जानकारी नहीं दे सकी, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस और वॉलंटियर टीमों ने इलाके में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब दो दिन की तलाश के बाद रविवार दोपहर हैलिफैक्स के बाहरी इलाके ओल्ड कोच रोड के जंगल से नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर रमनदीप कौर और उसके पति 23 वर्षीय सुखप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने दोनों पर बच्चे के शव को छिपाने, जांच में बाधा डालने और शव के अनादर से जुड़े आरोप लगाए हैं। अधिकारियों के मुताबिक महिला की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि उसकी तबीयत प्रसव के दौरान आई मेडिकल इमरजेंसी के कारण बिगड़ी थी, न कि किसी हिंसा की वजह से।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बच्चा जन्म के समय जीवित था या नहीं। मामले की सच्चाई जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और महिला के स्वस्थ होने के बाद उसका बयान दर्ज किया जाएगा।

## हरिपुर पंचायत के विकास को समर्पित हैं प्रवीण कुमार पिंका : जनता से मांगा समर्थन

**चंडीगढ़ ( पुनीत महाजन )** – हरिपुर पंचायत के प्रधान पद के उम्मीदवार प्रवीण कुमार पिंका ने पंचायत के सर्वांगीण विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए क्षेत्रवासियों के सामने विकास का विस्तृत विजन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि हरिपुर पंचायत को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, स्वच्छ, सुंदर और विकसित पंचायत बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है।




प्रवीण कुमार पिंका ने बताया कि चुनाव चिन्ह गैस का चूल्हा पर जनता का आशीर्वाद और समर्थन मिलने पर पंचायत क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने पंचायत के लिए 13 प्रमुख संकल्पों की घोषणा करते हुए कहा कि हरिपुर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, टैक्सी स्टैंड निर्माण, आधुनिक अंबेडकर भवन, मुख्य बाजार का सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइटें, पुराने रास्तों का पुनर्निर्माण और आधुनिक शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि खेल मैदान की बंद पड़ी लाइटों को दोबारा चालू कराया जाएगा तथा बच्चों के लिए आधुनिक चिल्ड्रन पार्क का निर्माण भी करवाया जाएगा। इसके साथ-साथ पुराने तालाबों का सौंदर्यीकरण, प्रमुख सड़कों को एम्बुलेंस योग्य बनाना और रात्रिकालीन बस सेवा शुरू करवाने के प्रयास भी किए जाएंगे। प्रवीण कुमार पिंका ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में यातायात की समस्या के समाधान हेतु बाईपास सड़क निर्माण का प्रयास किया जाएगा तथा श्मशान घाट के विकास कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे हरिपुर पंचायत के उज्ज्वल भविष्य और विकास के लिए उन्हें अपना सहयोग और आशीर्वाद दें। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता के सहयोग से हरिपुर पंचायत को एक आदर्श पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा। हरिपुर का विकास, हमारा संकल्प के संदेश के साथ प्रवीण कुमार पिंका ने क्षेत्रवासियों से चुनाव में अधिक से अधिक समर्थन देने की अपील की।

## IAS संजय गुप्ता बने हिमाचल प्रदेश के नए मुख्य सचिव

### कार्यकारी जिम्मेदारी के बाद संजय गुप्ता को नियमित मुख्य सचिव नियुक्ति

**शिमला ( एएम नाथ )**– हिमाचल प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय गुप्ता को राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग द्वारा मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। संजय गुप्ता वर्ष 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य सचिव (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एवं हाउसिंग) के पद पर कार्यरत थे।



जारी आदेश के अनुसार राज्यपाल की मंजूरी के बाद संजय गुप्ता को तत्काल प्रभाव से हिमाचल प्रदेश सरकार का नियमित मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह कार्यकारी मुख्य सचिव के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे थे। सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए उनकी नियमित नियुक्ति को मंजूरी दी है।

कार्मिक विभाग की सचिव एम. सुधा देवी द्वारा 26 मई 2026 को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि संजय गुप्ता लंबे प्रशासनिक अनुभव वाले वरिष्ठ अधिकारी हैं और उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों में सेवाएं दी हैं। प्रशासनिक कार्यों में उनकी दक्षता और अनुभव को देखते हुए सरकार ने उन्हें प्रदेश के शीर्ष प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

मुख्य सचिव के रूप में संजय गुप्ता राज्य सरकार और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ प्रशासनिक नीतियों के क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे। उनकी नियुक्ति को प्रदेश प्रशासन के लिए अहम माना जा रहा है।

## भारत-कनाडा व्यापार समझौते में तेजी, साल के अंत तक 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट' होने की उम्मीद

» प्रथम न्यूज । ओटावा
26 मई ( एजेंसी )



भारत और कनाडा ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के संकेत दिए हैं। दोनों देशों के नेताओं ने इस साल के अंत तक लंबे समय से रुकी हुई 'फ्री ट्रेड एग्रीमेंट' बातचीत को पूरा करने की उम्मीद जताई है।

साथ ही व्यापार, निवेश और बिजनेस सहयोग को तेजी से बढ़ाने की बात कही है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की बातचीत 'कनाडाई कामगारों और व्यवसायों के लिए गेम चेंजर' साबित होगी।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात के बाद कार्नी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हम भारत के साथ एक फ्री ट्रेड डील पर बातचीत कर रहे हैं। यह कनाडा के कामगारों और बिजनेस के लिए गेम चेंजर होगा, जिससे एक बहुत बड़ा नया बाजार खुलेगा। कार्नी ने बताया कि दोनों पक्षों ने बातचीत की प्रगति की समीक्षा की और ऊर्जा, एग्री-फूड, टेक्नोलॉजी और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए मौके तलाशे। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल कनाडा में अब तक के सबसे बड़े भारतीय बिजनेस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कनाडा के प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दीं और कार्नी की हाल की भारत यात्रा को भी याद किया। गोयल ने कहा किउनकी हाल की भारत यात्रा ने भारत-कनाडा साझेदारी को नई गति और नया भरोसा दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को और गहरा करने पर 'आगे की सोच वाली बातचीत' हुई और जल्द से जल्द भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता पूरा करने की उम्मीद जताई गई। ओटावा में एक संयुक्त प्रेस वार्ता में कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने कहा कि दोनों देश इस समझौते को जल्दी पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने कनाडा के लोगों से वादा किया था कि हम तेजी से काम करेंगे।उन्होंने बताया कि अब तक बातचीत के दो दौर पूरे हो चुके हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कनाडा अपने व्यापारिक साझेदारों को विविध बनाना चाहता है और लगभग 300 अरब डॉलर के अतिरिक्त गैर-अमेरिकी निर्यात के अवसर खोलना चाहता है।

पीयूष गोयल ने इस रिश्ते को 'बहुत तेजी से रीसेट हो रहा संबंध' बताया। उन्होंने कहा, यह रिश्ते में पूरी तरह बदलाव की दिशा में एक नई शुरुआत है, जिसमें नए लक्ष्य और नई योजनाएं 'मिशन मोड' में तय की जा रही हैं। मंत्री ने बताया कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने वार्ताकारों को निर्देश दिया है कि इस साल के अंत तक या उससे पहले व्यापक दृष्टिकोण के साथ मुक्त व्यापार समझौता पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को काफी बढ़ाने का लक्ष्य रख रहे हैं। गोयल ने कहा, हम पूरी तरह सक्षम महसूस कर रहे हैं कि हम तेजी से आगे बढ़कर ऐसे नतीजे दे सकें जो सिर्फ बिजनेस ही नहीं, बल्कि दोनों देशों के लोगों के लिए भी फायदेमंद हों। अपने दौरे के दौरान पीयूष गोयल ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद, कृषि मंत्री हीथ मैकडोनाल्ड और मनिंदर सिद्धू से भी मुलाकात की। इन बैठकों में व्यापार, खाद्य सुरक्षा, एग्री-टेक, स्थिरता, तकनीक और निवेश सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। अनीता आनंद ने कहा कि उन्होंने हमारे व्यापार संबंधों को मजबूत और विस्तार देने पर चर्चा की, जिससे दोनों देशों के व्यवसायों, कामगारों और निवेशकों के लिए नए अवसर बन सकें। मनिंदर सिद्धू ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और नई दिल्ली के साथ संबंध मजबूत करना कनाडा के आर्थिक लक्ष्यों के लिए बहुत जरूरी है।

## राम रहीम को फिर मिली 30 दिन की पैरोल, 20 साल की सजा में 16वीं बार आया बाहर

» प्रथम न्यूज । रोहतक
26 मई ( ब्यूरो )



डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह एक बार फिर जेल से बाहर आ गया है। हरियाणा सरकार ने गुरमीत राम रहीम को 30 दिन की पैरोल मंजूर की है। इसके बाद मंगलवार सुबह वह रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर निकला। जानकारी के अनुसार, गुरमीत राम रहीम सुबह करीब 6 बजकर 34 मिनट पर जेल से बाहर आया। इस दौरान जेल परिसर के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं थी।

गौरतलब है कि साध्वियों के यौन शोषण और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड के मामले में 20 साल की सजा काट रहा गुरमीत राम रहीम अगस्त 2017 से सुनारिया जेल में बंद है।

यह 16वीं बार है जब गुरमीत राम रहीम पैरोल या फरलो पर जेल से बाहर आया है। इससे पहले भी वह 15 बार जेल से बाहर आ चुका है। इसी साल जनवरी महीने में उसे 40 दिन की पैरोल मिली थी, जिसके बाद वह 15 फरवरी को वापस सुनारियां जेल लौटा था। गुरमीत राम रहीम को बार-बार पैरोल मिलने को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। विपक्षी दलों और कई सामाजिक संगठनों ने पहले भी इस पर आपत्ति जताई है।

वहीं, प्रशासन का कहना है कि पैरोल नियमों के तहत दी जाती है। इसी साल जनवरी में भी वह जेल से बाहर आया था। जानकारी के मुताबिक, इससे पहले 15 सितंबर, 2025 को भी राम रहीम को 40 दिनों की पैरोल मिली थी। इस बार की पैरोल के साथ वह 16वीं बार जेल से बाहर आया है।

गौरतलब है कि सीबीआई की विशेष अदालत ने गुरमीत राम रहीम को दो साध्वियों से दुष्कर्म के मामले में 10-10 साल यानी कुल 20 साल की सजा सुनाई थी। इसके अलावा वह पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या और डेरे के मैनेजर रणजीत सिंह की हत्या के मामलों में भी सजा काट रहा है।

## लड़का क्रिमिनल है... पता चलते ही लड़की ने तोड़ा रिश्ता, भड़के बॉयफ्रेंड ने घर पर फेंके बम

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
26 मई ( ब्यूरो )



तमिलनाडु के कोयंबटूर से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां गर्लफ्रेंड के साथ ब्रेकअप के बाद झल्लाए युवक ने लड़की के घर पर केरोसिन बम से हमला कर दिया इस हमले में घर के बरामदे में आग लग गई। हमले के तुरंत बाद आस-पास के लोग इकठ्ठा ही गये और जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना का वीडियो भी CCTV में कैद हो गया है, जो अब सोशल मीडिया पर सामने आया है।

### आरोपी हुआ गिरफ्तार

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रविवार की शाम आरोपी अपने तीन दोस्तों के साथ बाइक पर उसके घर पहुंचा था। यहां उसने एक के बाद एक दो बम फेंके। गनीमत रही कि हमले के दौरान कोई भी परिवार का सदस्य घर के बाहर नहीं था। हमले के दौरान लड़की के पिता ने आरोपी को देख लिया जिसके बाद सोमवार को उसकी गिरफ्तारी हो गई।

### क्या है पूरा मामला?

मामले में आरोपी कार्तिक उर्फ मारियप्पन को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कार्तिक और लड़की कि पहले दोस्ती थी लेकिन जब लड़की को पता चला कि कार्तिक के ऊपर पहले से ही हत्या समेत 31 मामले दर्ज हैं तो उसने उससे बात करना बंद कर दिया। इसी बात से आक्रोश में आकर युवक ने लड़की के घर पर हमला कर दिया, साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

## हरियाणा : सोनीपत में ट्रिपल मर्डर, अवैध संबंध से रोका तो फ्लैट में घुसकर की पति-पत्नी समेत 3 की बेरहमी से हत्या

» प्रथम न्यूज । सोनीपत
26 मई ( ब्यूरो )



हरियाणा के सोनीपत जिले के कुंडली थाना क्षेत्र में रविवार देर रात ट्रिपल मर्डर की सनसनीखेज वारदात सामने आई। टीडीआई कुंडली स्थित बीपीएल फ्लैट्स में एक व्यक्ति ने पति-पत्नी समेत तीन लोगों की तेजधार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मृतकों की पहचान विजय और उसकी पत्नी सुनीता निवासी कोट मोहल्ला, सोनीपत तथा स्वाति निवासी गांव बडोली के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक तीनों पर तेजधार हथियार और भारी वस्तु से हमला किया गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच में सामने आया कि पड़ोसियों ने आरोपी के अवैध संबंधों को लेकर टोका था, इस पर झगड़ा हुआ और उसने हमला कर दिया। आरोपी की पहचान ब्रह्मप्रकाश के रूप में हुई है, जो मूल रूप से झज्जर जिले के जसोर खेड़ी गांव का रहने वाला बताया जा रहा है और दिल्ली पुलिस से बर्खास्त बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कुंडली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद सोनीपत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल को सील कर जांच शुरू कर दी। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या में इस्तेमाल हथियार और मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार देर रात फ्लैट्स से चीख-पुकार की आवाजें सुनाई दी थीं, लेकिन जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद इलाके में भारी भीड़ जमा हो गई।

सोनीपत पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करने का दावा किया गया है।

## बिहार व कर्नाटक विधानपरिषद चुनाव की तारीख का ऐलान, 18 जून को होगी वोटिंग

### नीतीश की सीट पर उपचुनाव होगा, NDA को 9 सीटें मिलना तय

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
26 मई ( ब्यूरो )



बिहार और कर्नाटक में विधानपरिषद चुनाव का कार्यक्रम जारी हो गया है। बिहार विधानपरिषद चुनाव में 10 सीटों पर चुनाव होंगे। इसमें 9 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। जबकि एक सीट नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने से खाली हुई है। एमएलसी इलेक्शन के लिए 1 जून को अधिसूचना जारी होगी। 18 जून को वोटिंग और इसी दिन परिणाम भी आ जाएंगे। इन 10 सीटों में 9 सीटें NDA को और 1 सीट RJD को मिलना तय माना जा रहा है।

बिहार से डॉ. कुमुद वर्मा, प्रोफेसर गुलाम गौस, मोहम्मद फारूक, भीष्म साहनी, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, संजय प्रकाश, समीर कुमार सिंह, सम्राट चौधरी और सुनील कुमार सिंह की सीटों का कार्यकाल 28 जून को खत्म हो रहा है। हालांकि सम्राट चौधरी 16 नवंबर को ही इस सीट से इस्तीफा दे चुके हैं। कर्नाटक विधानपरिषद से गोविंद राजू, नसीर अहमद, एन नागाराजू, प्रताप सिम्हा नायक, टिप्पानप्पा, सुनील वालायुर और बीके हरिप्रसाद का कार्यकाल 30 जून को पूरा हो रहा है।

### बिहार विधानपरिषद चुनाव में एनडीए की बढ़त

बिहार विधानसभा में 243 सीटें हैं और विधान परिषद की एक सीट के लिए करीब 24 से 25 विधायकों का समर्थन चाहिए होता है। एनडीए के पास दो तिहाई विधायकों की संख्या है।

बीजेपी-जेडीयू की अगुवाई में एनडीए 9 सीटें जीत सकता है। लेकिन उसकी कोशिश सभी 10 सीटों की होगी। आरजेडी की 25 सीटें हैं और वो एक सीट जीत सकती है। एमएलसी इलेक्शन में जेडीयू को बड़ा कोटा मिल सकता है, क्योंकि ज्यादातर खाली सीटें उसके हिस्से की हैं। जबकि बीजेपी को 2 से 3 सीटें मिल सकती हैं। बाकी सीटें सहयोगी दलों के खाते में जाएंगी।

### निशांत कुमार और दीपक प्रकाश की दावेदारी

चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम और जीतन राम मांझी की हम भी एमएलसी सीट चाहती है। सीटों के बंटवारे के साथ जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधने की भी कोशिश होगी।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार छह महीने के भीतर विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना है। ऐसे में उन्हें विधान परिषद से भेजा जा सकता है। आरएलएम नेता और उपेंद्र कुशवाहा के बेटे पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का नाम भी दावेदारों में है।

## रायपुर में रिटायर रेल कर्मी की हत्या, बेटा गिरफ्तार

» प्रथम न्यूज । रायपुर
26 मई ( ब्यूरो )



। राजधानी रायपुर में बेटे ने पिता पर लकड़ी से हमला कर दिया। घटना में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक घर में दोस्तों के साथ शराब पार्टी कर रहा था। इसी दौरान बेटा आ पहुंचा और पिता को शराब पार्टी करते देख विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि बेटे ने लकड़ी से पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद रात भर शव को घर में ही रखा था। मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक संतु कोठारी 70 वर्ष रेलवे का रिटायर्ड कर्मचारी था। घटना तिल्दा थाना क्षेत्र की है। तिल्दा नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड 4 में संतु कोठारी 70 वर्ष अपने परिजनों के साथ रहता था। संतु शराब का आदि था और शराब को लेकर बेटे से विवाद होता रहता था। बीती रात संतु अपने घर में दोस्तों के साथ शराब पार्टी कर रहा था। इसी दौरान बेटा वीरेंद्र कोठारी 40 वर्ष वहां आ पहुंचा। बेटे ने पिता की हरकतें देख उसे डांट-फटकर लगाई। इसी बीच पिता शराब के नशे में बेटे से विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ा और बेटे बीरेंद्र कोठारी ने घर में रखी लकड़ी से पिता पर वार कर दिया। घटना में बुजुर्ग के सीने, शरीर समेत अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पिता की मौत के बाद रात भर शव को घर में ही रखा था।

## सीजफायर के बीच US का बड़ा हमला, मिसाइल ठिकानों और सुरंग बिछाने वाली नौकाओं को बनाया निशाना

» प्रथम न्यूज । वॉशिंगटन
26 मई ( एजेंसी )



अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि अमेरिकी सेना ने दक्षिणी ईरान में मिसाइल लॉन्च साइट्स और बारूदी सुरंगें बिछाने वाली नौकाओं पर हमला किया। रिपोर्ट के मुताबिक, सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता टिम हॉकिन्स ने बयान में कहा, अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा के लिए दक्षिणी ईरान में आत्मरक्षा के तहत कार्रवाई की गई। ईरानी बलों से खतरा था, इसलिए यह कदम उठाया गया। उन्होंने बताया कि निशानों में मिसाइल लॉन्च साइट्स और वे ईरानी नौकाएं शामिल थीं जो समुद्र में बारूदी सुरंगें लगाने की कोशिश कर रही थीं। उन्होंने आगे कहा ,सीजफायर के दौरान भी अमेरिकी सेंट्रल कमांड अपने सैनिकों की सुरक्षा कर रहा है और संयम बरत रहा है। इन हमलों से पहले से ही कमजोर चल रहे युद्धविराम पर खतरा बढ़ गया है। यह सीजफायर आठ अप्रैल से लागू हुआ था। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने के लिए समझौते की कोशिशें चल रही हैं। इस युद्ध की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है और तेल और ऊर्जा सप्लाई में भारी रुकावट आई है।

ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए होने वाली खाड़ी की समुद्री आवाजाही पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है, जबकि अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी कर रही है। पिछले हफ्ते अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा था कि इस नौसैनिक नाकेबंदी की वजह से 100 जहाजों का रास्ता बदल गया और चार जहाज काम करने लायक नहीं रहे। सेंट्रल कमांड के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा, इस नाकेबंदी की वजह से ईरानी बंदरगाहों से होने वाला व्यापार पूरी तरह रुक गया है, जिससे ईरान की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। उन्होंने सऊदी अरब, कतर और पाकिस्तान समेत कई देशों से अब्राहम अकॉर्ड्स में शामिल होने की अपील भी की। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि ईरान के साथ बातचीत या तो 'सबके लिए शानदार समझौते' में बदलेगी या फिर हालात दोबारा युद्ध की तरफ जा सकते हैं। उन्होंने लिखा, या तो यह सबके लिए एक शानदार समझौता होगा, या फिर कोई समझौता नहीं होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हालात फिर से युद्ध और गोलीबारी तक पहुंच सकते हैं और इस बार लड़ाई पहले से ज्यादा बड़ी और खतरनाक होगी। लेकिन ऐसा कोई नहीं चाहता। ट्रंप की यह टिप्पणी उस घोषणा के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान और मध्य पूर्व व दक्षिण एशिया के कई देशों के बीच एक बड़ा क्षेत्रीय समझौता लगभग तय होने वाला है।